इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039

हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई राजग सरकार की शीर्ष प्राथमिकता- पीएम मोदी



अमरावती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा भ्रष्टाचार और भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नीत केंद्र सरकार की शीर्ष प्राथमिकता रही है. श्री सत्यसाई जिले के पालसमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि करदाताओं के पैसे का उचित उपयोग किया जा रहा है और जो भी कर एकत्र किया गया है, उसे विभिन्न रूपों में लोगों को वापस किया जा रहा है. उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद 2014 से इस देश के लोगों ने कर बचत के तहत लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचाए हैं और दस्तावेजों से 10 करोड़ फर्जी नाम हटा दिए गए हैं.

मोदी ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में हमने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाया है. पिछले 10 वर्षों में लगभग 10 करोड़ फर्जी नाम दस्तावेजों से बाहर किये गये हैं. आज दिल्ली (केंद्र) से भेजा गया हर पैसा उस लाभार्थी के बैंक खाते में पहुंचता है, जो उसका हकदार है. भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई सरकार की प्राथमिकता रही है.'

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान जीएसटी के कार्यान्वयन और आयकर प्रणाली को सरल बनाने जैसे कई कर सुधार लाए गए, जिसके परिणाम स्वरूप रिकॉर्ड कर संग्रह हुआ. मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान कर प्रणाली में कई सुधार लाए गए. उन्होंने कहा कि इसके पहले अलग-अलग कर प्रणालियां हुआ करती थीं, जिन्हें आम नागरिकों को समझना मुश्किल होता था. उन्होंने कहा कि पारदर्शिता की कमी के कारण ईमानदार करदाताओं और व्यापारियों को परेशानी हो रही थी. प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी (माल एवं सेवाकर) के रूप में देश को एक आधुनिक कर प्रणाली मिली. उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने आयकर प्रणाली को भी सरल बनाया है.

देश में 'फेसलेस टैक्स असेसमेंट' प्रणाली शुरू होने की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि इन सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह देखने को मिल रहा है. 'फेसलेस टैक्स असेसमेंट' का मतलब आकलन की ऐसी व्यवस्था से है, जहां करदाता आयकर विभाग नहीं जाते हैं और किसी भी आयकर अधिकारी के आमने-सामने/सीधे संपर्क में नहीं आते हैं. अपनी सरकार द्वारा प्रदान किए गए कर लाभों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि कर छूट सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दी गई है और देश में करदाताओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है. मोदी ने कहा कि लोगों से जो भी कर वसूला गया वह उन्हें वापस कर दिया गया और इसे सुशासन और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## साय मंत्रिमंडल की बैठक में बड़ा फैसला, सरकारी भर्ती में आयु सीमा में छूट पांच साल बढ़ी



रायपुर। प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी नौकरी के लिए आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट पांच वर्ष के लिए आगे बढ़ाई गई है। आयु सीमा का लाभ 31 दिसंबर 2028 तक मिलेगा। स्थानीय निवासियों को इसकी पात्रता होगी। यह निर्णय बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई पांच वर्ष की छूट अवधि के बाद यह सीमा 40 वर्ष हो जाएगी,वहीं अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम सीमा 45 वर्ष रहेगी। एक अन्य निर्णय के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला पुलिस आरक्षक संवर्ग में भर्ती के लिए वर्ष 2018 में 2,259 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।

पांच वर्ष बाद जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के 5,967 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिपरिषद ने पुरूष अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया है। तीसरे व महत्वपूर्ण निर्णय के तहत राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों की न्यायालयों से वापसी के लिए नवीन मंत्रिपरिषद की उपसमिति गठित करने पर सहमति बनी है।

### पुलिस कर्मियों के लिए खुशखबरी; आरक्षक से निरीक्षक स्तर के पुलिस अफसर को मिलेगा साप्ताहिक अवकाश

रायपुर। राज्य सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पुलिस मुख्यालय से पुलिस कर्मियों के साप्ताहिक अवकाश के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। गृहमंत्री विजय शर्मा से फील्ड में तैनात पुलिस कर्मियों ने मुलाकात कर साप्ताहिक अवकाश के संबंध में जानकारी दी थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए गृहमंत्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को साप्ताहिक अवकाश के लिए निर्देशित किया था। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा है। इस आशय का पत्र उन्होंने समस्त पुलिस ईकाईयां छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया है। जारी परिपत्र में यह भी उल्लेखित किया गया है कि आरक्षक से निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों को सप्ताहिक अवकाश प्रदान करने के लिए जारी संदर्भित दिशा-निर्देशों और समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

## महाराष्ट्र अयोग्यता विवादः नार्वेकर के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेशों को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) की याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में वह सोमवार को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष श्री सिब्बल ने यूबीटी गुट का पक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान रखा। याचिकाकर्ता यूबीटी गुट के सुनील प्रभु ने विधानसभा अध्यक्ष के 10 जनवरी के फैसले के खिलाफ 15 जनवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की।

उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि निर्णयों की ÷पूर्ण विकृति÷ इस तथ्य से स्पष्ट है कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेते समय अध्यक्ष ने मुख्य निर्विवाद घटना यानी 30 जून 2022 को शपथ ग्रहण पर भी विचार नहीं किया है, जिसने निर्णायक रूप से स्थापित किया कि उनके सभी कार्य (21 जून 2022) का उद्देश्य महाराष्ट्र में अपने ही राजनीतिक दल के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार को गिराना था।

याचिका में कहा गया, अयोग्यता का इससे स्पष्ट मामला नहीं हो सकता था। शिंदे ने राज्यपाल से मुलाकात की और 30 जून 2022 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सभी प्रतिवादी विधायकों ने इस निर्णय का समर्थन किया, जो स्वयं स्वेच्छा से हार मानने के समान था।

याचिका में कहा गया है कि दसवीं अनुसूची का उद्देश्य उन विधायकों को अयोग्य ठहराना है, जो अपने राजनीतिक दल के खिलाफ काम करते हैं। हालांकि, यदि अधिकांश विधायकों को राजनीतिक दल माना जाता है, तो वास्तविक राजनीतिक दल के सदस्य बहुमत विधायकों की इच्छा के अधीन हो जाते हैं। यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसे रद्द किया जाना चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता निशांत पाटिल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, ÷विधायक दल एक कानूनी इकाई नहीं है। यह केवल एक राजनीतिक दल के टिकट पर चुने गए विधायकों के समूह को दिया गया एक नाम है, जो अस्थायी अवधि के लिए सदन के सदस्य होते हैं।

याचिका में कहा गया है कि अध्यक्ष का फैसला संवैधानिक कानून के हितकारी सिद्धांत के विपरीत हैं, क्योंकि वे केवल राजनीतिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह : मंदिर परिसर पहुंची रामलला की अचल मूर्ति, गर्भगृह में श्रीरामयंत्र की हुई स्थापना



अयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन रामलला की चांदी की मूर्ति को राममंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया है। पहले रामलला की अचल मूर्ति को जन्मभूमि परिसर में भ्रमण कराने की योजना थी। सुरक्षा कारणों और मूर्ति का वजन अधिक होने की वजह से परिसर भ्रमण की रस्म रामलला की छोटी रजत प्रतिमा को लेकर पूरी कराई गई। इसी के साथ गर्भगृह में श्री रामयंत्र की स्थापना हुई। इस मौके पर मुख्य यचमान अनिल मिश्र मौजूद रहे।

10 किलो वजनी चांदी से बनी रामलला की प्रतिमा को मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने पालकी पर विराजमान कर मंदिर के अंदर व मंदिर के चारों तरफ भ्रमण कराया। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोंच्चारों से गूंजता रहा। आचार्यों व मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियरों व सुरक्षा कर्मियों ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। विहिप के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र व मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र ने रामलला की रजत प्रतिमा का पूजन किया।

निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने गर्भगृह में सिंहासन की पूजा की।

रामलला की अचल मूर्ति बुधवार की देर शाम विवेक सृष्टि परिसर से भारी सुरक्षा में राम जन्मभूमि परिसर पहुंचाई गई। अचल मूर्ति को बंद ट्रक में विराजमान कर ले जाया गया। सुरक्षा में पीएसी के दो सौ जवान, एटीएस की टीम और पुलिस अधिकारी शामिल रहे। अचल मूर्ति को सोने के सिंहासन पर बृहस्पतिवार को विराजित किया जाएगा। गर्भगृह में सिंहासन बनकर तैयार है।

### शुभ मुहूर्त में दोपहर 1.20 बजे हुआ कलश पूजन

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के दूसरे दिन का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में दोपहर 1.20 बजे सरयू तट पर कलश पूजन के साथ हुआ। मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र ने संकल्प लेकर सपत्नीक कलश पूजन किया। इस दौरान कुल दस कलशों का पूजन हुआ। इसके बाद 21 मातृ शक्तियों ने जल कलश यात्रा निकाली। मुख्य कलश को राम जन्मभूमि परिसर में बने यज्ञमंडप में स्थापित किया गया है। उधर, रामलला के नवनिर्मित गर्भगृह में श्रीरामयंत्र की स्थापना के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के कर्मकांड का शुभारंभ कर दिया गया है। करीब 40 मिनट तक काशी के सात आचार्यों ने विधि विधान पूर्वक तीर्थ पूजन, कलश पूजन, वर्धिनी पूजन संपन्न कराया। जब यह मूर्ति मंदिर कैंपस में लायी गयी उस समय भारी मात्रा में पुलिस दल मौजूद थे। पुलिस के अलावा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा चुनाव 2024 जीतने के लिए कांग्रेस ने लिया एक अनोखा फैसला, वोटरों से जुड़ने के लिए बनाया प्लान



नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस लिया है। पिछले महीने विधानसभा चुनावों के नतीजे मनमुताबिक नहीं आने के बाद कांग्रेस ने सबसे पहले भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की और अब वह चुनावों की तारीखों के ऐलान से पहले ही अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने की बात कर रही है।

पिछले महीने 5 विधानसभा चुनावों में 3 राज्यों में भाजपा की शानदार जीत ने कांग्रेस को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। पार्टी अब आम जनता से जुड़ने के लिए हर रोज मंथन करती हुई नजर आ रही है। वह वोटरों को जोड़ने के लिए बेहद संघर्षरत है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद पार्टी ने यह फैसला लिया है कि वह आम चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही अपना घोषणा पत्र जारी कर देगी। 17 जनवरी को पार्टी ने एक प्रेस कांफ्रेस करके इस बात की जानकारी दी है। कांग्रेस पार्टी ने घोषणा पत्र तैयार करने से पहले यह जानना चाहती है कि आम जनता किन मुद्दों को शामिल करना चाहती है? इस बारे में कांग्रेस ने एक नई वेबसाइट तैयार किया है।

घोषणा पत्र बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति के चेयरपर्सन पी. चिदंबरम और संयोजक छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव हैं। इनके अलावा इस समिति में 15 और सदस्य हैं। बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के दौरान पार्टी नेता सुप्रिया श्रीनेत एक वेबसाइट दिखाई। इस वेबसाइट का नाम 'आवाज भारत की है। कांग्रेस ने यह अपील की है कि आम जनता कोई भी सुझाव वेबसाइट https://awaazbharatki.in के माध्यम से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत सरकार कर्ज के चक्रव्यूह में लगातार फंसती जा रही हैः खरगे



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दावा किया कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश ऋण संकट के चक्रव्यूह में फंसने के खतरे का सामना कर रहा है और ''विज्ञापन के तमाशे' के शोर में सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता है. कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने देश को सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले ऋण अधिक होने को लेकर चेतावनी दी है. ऋण और जीडीपी का अनुपात 81 फीसदी पर पहुंच गया है जबकि स्वीकार्य सीमा 60 फीसदी है.

खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मोदी सरकार 15 दिन में अपने कार्यकाल का आख़री बजट पेश करेगी. देश के परिवारों की बचत 50 साल में सबसे न्यूनतम स्तर पर है. जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के अनुपात में यह 5.1 प्रतिशत पर आ गिरी है.'

उन्होंने कहा कि सरकार का राजकोषीय घाटा करीब नौ प्रतिशत तक रहने का आकलन है, जिसमें केंद्र का घाटा 5.9 प्रतिशत और राज्य सरकारों का घाटा 3.1 प्रतिशत रह सकता है.

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'इस हिसाब से पता चलता है कि देश के परिवार जितना बचा रहे हैं, उससे अधिक तो अकेले सरकार को क़र्ज़ लेना होगा. यही सबसे खतरनाक है.' उन्होंने कहा, ''आईएमएफ के मुताबिक़ कर्ज-जीडीपी अनुपात 60 प्रतिशत होना चाहिये, पर वह अभी 81 प्रतिशत पर है, और आईएमएफ ने इस पर चेतावनी भी दी है, जिसे मोदी सरकार ने आदतन तरीक़े से नकारा है.

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'भारत सरकार क़र्ज़ के चक्रव्यूह में लगातार फंसती जा रही है. कहीं ये ना हो कि विश्व की कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तरह हमारी अर्थव्यवस्था और देश का भविष्य दोनों कुचक्र में उलझकर बड़ी मुसीबत में पड़ जाएं.'

उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार ज़्यादा खर्च करने का ढिंढोरा पीटती है, पर असलियत यह है कि 15 मंत्रालयों ने अब तक पिछले बजट का केवल 17.8 फीसदी ही ख़र्च किया है. इसमें एमएसएमई, पेट्रोलियम, सिविल एविएशन, फ़ूड प्रोसेसिंग, कॉरपोरेशन, अल्पसंख्यक, पूर्वोत्तर मंत्रालय शामिल हैं.' उन्होंने कहा, ''विज्ञापनी तमाशों के शोरगुल से सच छिप नहीं सकता.

## 'आस-फाम' एनालीसिस में असामान्य विरोधाभास

### विश्व के पांच सर्वाधिक धनाढ्य व्यक्तियों की सम्पति दुगूनी हुई, गरीब और अधिक गरीब हुवे-आक्सफाम

देवोस (गु.स.)। स्वीटजरलैण्ड के देवोस में चल रहे 'वर्ल्ड-इकानामिक फोरम' में 'आक्सफाम' ने आघातजनक रिपोर्ट दी है। उसका कहना है कि दुनिया में सबसे अधिक धनाढय व्यक्तियों ने अपनी पूंजी दुगूनी की है। जब कि दूसरी ओर गरीब और गरीब हुआ है। इन पांचों की कुल पूंजी 2020 में 405 अरब डालर थी। वह 2023 में बढ़कर 869 डालर जितनी पहुंची है। यह ऐसे समय हुआ है, जब विश्व के अन्य 5 से 6 अरब लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। याने कि विश्व 60 फीसदी लोगों की आय में कमी देखने को मिल रही है। यह स्थिति यथावत रहती है तो गरीबी निर्मूलन के लिए 229 वर्ष का समय लगेगा, ऐसी जानकारी आक्सफाम ने दी है। यह असामान्य विरोधाभास कोविंड-19 महामारी के बाद तीव्र गति से बढ़ रहा है। जिसके कारण, अरबपतियों ने 2020 से अन्य तक उनकी पूंजी में 3.3 अरब डालर की वृद्धि हो सकी है।

इस रिपोर्ट में केवल सम्पत्ति की ही चर्चा नहीं है। परन्तु अरबपतियों को देखा जा रहा है कि अल्ट्रारीय टैक्स पालिसीज भी उनके लिए लाभदायी हो रहा है। वे टैक्स की भी चोरी कर रहे हैं। अपने कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। इसी के साथ राज्य की कार्यवाही का ''निजीकरण'' भी कर रहे हैं। याने कि, देश की कार्यवाही को भी अपने मनमर्जी अनुसार चला रहे हैं। इसी के साथ टैक्सेसन के विरूद्ध युद्ध चलाया, कारपोरेट टैक्स में बहुत बड़ा घाटा दिखाते हैं। खासकर, ''आईसीडी'' देशों में जो टैक्स 1980 में 48 प्रतिशत था। जो घटकर, 2022 में वह 23.1 प्रतिशत जितना नीचे ले चला गया है। (ओईसीडी कन्ट्रीज याने आरगेनाईजेशन फार इकानामिक कारपोरेशन एण्ड लेबलपमेन्ट)

### कारपोरेटर्स पर नियंत्रण रखना जरूरी

धनाढय पांच व्यक्तियों ने सत्ता पर तीन गुना पकड़ जमा रखी है। वे मजदूरों के वेतन, खाद्यान्न के भाव और औषधियों के भाव भी अपनी मर्जी अनुसार निश्चित कर सकते हैं। दुनिया के देश उस पर नियंत्रण करने कानून घड़ते हैं। परन्तु, उसमें से वे बचने की खिड़की ढूंढ निकालते हैं। इसी के साथ, रेरा-इवेजन कर सरकारी तिजौरी में जितना हो सके उतनी कम धन राशि देते हैं। इसका उपाय सूचित करते हुवे आक्सफाम वेल्थ टैक्स डालने कहते हैं। जो साल में 1.8 ट्रिलियन कमाते हो, उसके ऊपर सर्वाधिक वेल्थ डालने का सूचित किया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 148 का ग्रुप कारपोरेशन पिछले तीन साल का लगातार 52 प्रतिशत बढ़ाकर अपना मुनाफा 1.8 ट्रिलियन डालर्स बढ़ाया है इसका असर गरीबों पर सीधा पड़ता है। इस लूटफाट के कारण प्रत्येक चीज-वस्तुओं के दाम-ऊंचे होते जाते हैं। जबकि, मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग की आय तो वही की वही रहती है। उनके ऊपर एक प्रकार का दबाव बना रहता है। वास्तव में उनकी आय कम होती जाती है।

इस रिपोर्ट में आक्सफाम ने पांच शीर्ष धनाढ्यों के नाम भी दिए हैं। जिसमें टेस्ला सीईओ, एलन मस्क, एल.बी.एल.एच. चीफ बतोड़ आर्नोल्ड, अमेजान के जेफ बेजोज, आरेकल के सहस्थापक लेरी एलीसन और निवेशकार वारेन-बफेट है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया की 1600 जितनी बड़ी कम्पनियां केवल 0.4 प्रतिशत जितनी ही राशि मजदूरों-कर्मचारियों को देते हैं। जिनसे उनका और उनके परिवारों का अस्तित्व टिकाने के लिए बमुश्किल व्यवस्था होती है, जो अपर्याप्त होती है। इस रिपोर्ट के साथ आक्सफाम ने सरकारों को कारपोरेशन्स पर लगाम रखने के लिए कहा है। अमीर-गरीब की खाई और अधिक गहरी न हो, इसके लिए अनुरोध किया है। इसमें नियंत्रण रखने के लिए मैप रोड भी बनाया गया है।

सवाल यह है कि सरकारें धनाढ्यों के दबाव के नीचे क्या काम कर सकती है क्या?

## 51 हजार राम चरित मानस वितरण का वर्ल्ड रिकार्ड, गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज



### मैं सांसद मोहन मंडावी जी को रामायणी सांसद कहूँगा, वे हीरो हैं - मुख्यमंत्री साय

बालोद (दावा)। अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है यहां भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी इसके लिए उत्सव सा माहौल है। आज बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को रामचरितमानस का वितरण भी किया। आज यहां तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा 3000 मानस ग्रंथों का वितरण किया। इसके पूर्व 48 हजार ग्रंथों का वितरण हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कांकेर सांसद श्री मोहन मंडावी ने इस संबंध में निश्चय किया था कि 51 हजार मानस प्रति बांटकर लोगों के समक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मोखला ग्राम पंचायत में अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में रोष



**बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन**
**○ पंचायत को बताया जा रहा गैर जिम्मेदार**
**○ कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**

राजनांदगांव(दावा)। निकटस्थ ग्राम पंचायत मोखला में बाहरी तत्वों द्वारा गांव की शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर लिए जाने को लेकर ग्रामवासी आक्रोशित व आंदोलित हो गए हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्राम मोखला के ग्रामीण शहर पहुंच कर एस डी एम को ज्ञापन सौंप कर अति शीघ्र उक्त अवैध कब्जा को हटाने की मांग की है। बताया जाता है कि एसडीएम अरुण कुमार वर्मा द्वारा तत्काल इस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था लेकिन उक्त अवैध कब्जा हटाने प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचा है। इससे ग्रामीणों का रोष और भी बढ़ गया है और उक्त अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर ग्रामवासियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों की मानें तो उनके ग्राम मोखला पंचायत में अब तक के इतिहास में शासकीय जमीन पर सबसे बड़ा अतिक्रमण हुआ है। उक्त अतिक्रमण बाहरी तत्व लखोली के केदार साहू और उनके सुपुत्र खेमचंद साहू द्वारा किया गया है जिसके चलते गांव का माहौल खराब हो रहा है। अतिक्रमित स्थल लगभग 20 डिसमिल है, जिसमें चार व्यावसायिक परिसर सहित दस कमरों का अवैध मकान निर्माण किया जा रहा है। जबकि उक्त स्थल के लिए पूर्व में मटखदान तालाब गहरीकरण के नाम से दिनांक 6 मार्च 2019 को मनरेगा के तहत लगभग 3 लाख 90 हजार की राशि स्वीकृत हुई थी तथा मस्टररोल क्रमांक 69985 जारी हुआ था व मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान भी हुआ है।

### अतिक्रमण कर्ताओं की दादागिरी

बताया जाता है गांव में अतिक्रमण कर्ताओं की दादागिरी चरम पर है। मना करने पर ग्रामीणों को धमकी दिया जाता है। शहर के वार्ड लखोली निवासी केदार साहू के सुपुत्र खेमचंद साहू ने कई हितग्राहियों से स्व्हुष्ट के नाम पर पैसों की वसूली की है और चिटफंट कंपनी में जमा करवाने के नाम पर बड़ी राशि का गबन किया है जिसकी शिकायत के लिए भी ग्रामीण लगे हुए है।

### प्रशासन से की गई है शिकायत

बताया जाता है कि अतिक्रमण की लिखित शिकायत जिलाधीश सहित अनुविभागीय दंडाधिकारी व तहसीलदार से कई बार की जा चुकी है परंतु प्रशासनिक उदासीनता के चलते अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद है।

गत 25 अगस्त 2023 को अवैध निर्माण को रोकने स्थगन आदेश जारी किया था उसके बाद भी कार्य रुका नहीं,, निर्माण कार्य अब भी जारी है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत करने के बाद भी किसी भी प्रकार से कोई कानूनी व प्रशासनिक कार्यवाही न होना संदेह के दायरे नजर आता है।

इस मामले में सरपंच मौन है तथा अतिक्रमण के खिलाफ पंचायत ने अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया है परिणाम स्वरुप गांव के अन्य हिस्सों में भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का दायरा बढ़ रहा है जिससे गांव का माहौळ खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने साफ तौर पर चेताया है कि यदि प्रशासन द्वारा उक्त अतिक्रमण पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो वृहद स्तर पर आंदोलन किया जायेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

> **मैंने नायब तहसीलदार देविका जी को प्रकरण के संबंध में निर्देश दे दिए हैं। विकसित भारत यात्रा के चलते मंगलवार को नहीं जा पाई, शीध्र ही मौके पर पहुंचेगी।**
> **अरुण कुमार वर्मा**
> **एसडीएम - राजनांदगांव**

# दीयों की रोशनी से जगमगाएंगे घर



**घर-घर बांटे जा रहे दीए एवं ध्वज**

राजनांदगांव(दावा)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को भव्यता प्रदान करने तैयारियां की जा रही है. शहर के प्रत्येक घर दीयों की रोशनी से जगमग होंगे. इसकी भव्य तैयारियां की जा रही है. मंदिरों एवं शिवालयों को केशरिया ध्वज से सजाया जा रहा है.

हिन्दू समाज के हेमंत राजपूत ने बताया कि 22 जनवरी को शहर में दीपोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां की जा रही है. शहर के प्रत्येक वार्डों में घर-घर जाकर दीए एवं ध्वज पताका का वितरण किया जा रहा है. हिन्दू मंदिरों को केसरिया ध्वज पताका से सजाया जा रहा है. प्रतिदिन प्रात्कालीन प्रभातफेरी निकालकर भगवान श्री राम की भक्ति में लोग डुबे हुए हैं. आज शांतिनगर वार्ड नं. 10 शीतला मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना पश्चात घर-घर जाकर दीए एवं ध्वज पताका का वितरण किया गया. मॉ शीतला मंदिर को केसरिया ध्वज से सजाया गया. भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह बना हुआ है. महिलाएं टोली बनाकर प्रत्येक घरों में पहुंचकर दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाने आग्रह कर रही हैं. साथ ही 22 जनवरी को निकलने वाली भव्य कलश यात्रा में शामिल होने अपील भी कर रही है.

घर-घर जाकर दीए एवं केसरिया ध्वज का वितरण करने वालों में प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के हेमंत राजपूत, गोविंदा यादव, प्रशांत दुबे, दिनेश विश्वकर्मा, सुनील सेन, रवि राजपूत सहित महिलाएं भी शामिल थी.

## पहला कॉलम...

### मनकी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा जागरूकता संगठन ग्राम मनकी जिला राजनांदगांव द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 4001रु., द्वितीय 3001 रु., तृतीय 2001रु., चतुर्थ 1001 रु., पंचम 701, षष्ठम 501 और सप्तम पुरस्कार 301 रूपए है। परीक्षा का आयोजन 28 जनवरी को होगा तथा पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जनवरी है द्य इसमें 10 वर्ष से 22 वर्ष के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। पंजीयन शुल्क मात्र 30 रूपए रखी गयी है।

### पदुमतरा मंडई 24 को

राजनांदगांव (दावा)। पदुमतरा में 24 जनवरी, दिन बुधवार को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रि में शिव भोला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी करमतरा (जालबंधा) का कार्यक्रम रखा है। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू व सरपंच ललिता मोहन साहू ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### कल आईटीआई राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में मुंद्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड ग्राम वंध गुजरात के लिए मैनपावर ग्रुप सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 19 जनवरी 2024 को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। शिक्षित युवाओं के लिए यह प्लेसमेंट कैम्प रोजगार का एक सुनहरा अवसर है।

आईटीआई राजनांदगांव के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में 29 वर्ष के 2017 से 2023 तक आईटीआई, 12वीं, डिप्लोमा उत्तीर्ण उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र के साथ सम्मिलित हो सकते है।

### सूने घर का ताला टूटा, 40 हजार की चोरी

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पुरेना में चोर द्वारा सूने घर का ताला तोड़ कर सोने-चांदी के जेवरात सहित नगद रूपए की चोरी कर ली।

घटना के वक्त घरमालिक पुरूषोत्तम वर्मा व गांव में चल रहे धार्मिक आयोजन में अपने परिवार सहित गया हुआ था। मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर ने उनके लौटने के पहले सूने घर में धावा बोलकर आलमारी में रखे 20 हजार रूपए नगद व 20 हजार रूपए की सोने-चांदी के जेवर की चोरी कर ली। पुलिस में रिपोर्ट पश्चात अपराध दर्ज कर मामले के जांच में पुलिस जुट गई है।

# गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में किया जाना स्वागतेय-हिन्दू युवा मंच



राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व मंडल आज राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन म्युनिस्पिल या स्टेट स्कूल में न कर पूर्व की भांति दिग्विजय स्टेडियम में करने की बहुप्रतिक्षित मांग लेकर आज नवपदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल से भेंट करने पहुंचा था। हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी नें बताया कि, आज से सात वर्षो से पूर्व दिग्विजय स्टेडियम के दोबारा निर्माण होने के चलते जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पर्व के मुख्य आयोजन को म्युनिस्पिल स्कूल और स्टेट स्कूल स्थानतरित कर दिया गया था। तब से ही जिलेवासी इसकी बाट जोह रहे थे। दिग्विजय स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्वो के मुख्य आयोजन की खबर सुनकर खुशी की लहर दौड़ गई है। हिन्दू युवा मंच इस बात से नारा था कि, स्टेडियम का निर्माण पूर्ण हो जाने के बावजूद यहां राष्ट्रीय पर्वो के आयोजन से किनारा क्यों किया जा रहा है। जबकि बीते वर्ष रानी सूर्यमुखी देवी ऑल इंडिया क्रिकेट का भी आयोजन किया गया था ऐसे में केवलमात्र राष्ट्रीय पर्वो के आयोजनों पर रोक लगने से देशप्रेम की भावना आहत हो रही थी और आक्रोश पनप रहा था। गौरतलब हो कि, पहले यह आयोजन स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में हुआ करता था। म्युनिस्पल स्कूल और स्टेड स्कूल में मुख्य आयोजन होने से इसकी भव्यता और गरिमा में कमी स्वाभाविक तौर पर देखी जा रही थी। जबकि दिग्विजय स्टेडियम के विशाल मैदान में आयोजन की भव्यता और आयोजन की गरिमा देखते ही बनती थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा उक्त मांग को स्वस्फुर्त पूरा करते हुए उन्होंने बताया कि, इस वर्ष गणतंत्र दिवस का आयोजन स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में ही होगा, जिसकी तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि, गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त शासकीय विभागों द्वारा निकाली जाने वाली झांकियों के लिये रास्ता सकरा पड़ रहा था, जिसकी चौडाई बड़ा कर व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। जिला प्रशासन के द्वारा लिये गये उक्त निर्णय को लेकर हिन्दू युवा मंच सहित पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। ज्ञापन सौंपने जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी, शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार, जिला उपाध्यक्ष आशीष सोरी, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला विशेष कार्यकारिणी सदस्य अर्पण खंडेलवाल, विपिन पांडे, आकाश मेश्राम, कुनाल वैष्णव एवं शुभम वैष्णव उपस्थित थे।

# आज प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 55 वा पुण्य स्मृति दिवस

**पूरे विश्व में विश्व शांति दिवस के रूप में मनेगा**



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के साकार संस्थापक पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 55वा पुण्य स्मृति दिवस 18 जनवरी को मनाया जाएगा। इस दिन ब्रह्मकुमारीज आश्रम राजनांदगांव के कौरीनभाठा स्थित नवनिर्माणाधीन भवन ज्ञान मानसरोवर में विश्व शांति हेतु योग साधना भट्ठी का आयोजन किया गया है। इस साधना भट्ठी में हजारों भाई बहने प्रातः 7 बजे से गहन योग साधना करेंगे। साथ ही प्रजापिता ब्रह्माबाबा को श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा एवं उनकी विशेषताएं सुनाई जाएगी।

ज्ञातव्य है कि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा को परमपिता परमात्मा शिव ने 1936 में अपना साकार माध्यम बनाकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। प्रजापिता ब्रह्माबाबा 18 जनवरी 1969 को अपना पार्थिव देह का त्याग कर परमात्मा की गोद में चले गए थे। यह जानकारी ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी।

# कलेक्टर ने ली तकनीकी समूह की बैठक



**बैठक में खरीफ एवं रबी वर्ष 2024-25 के लिए एवं उद्यानिकी सब्जी फसलों के ऋणमान निर्धारण करने हेतु की गई विस्तृत समीक्षा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में तकनीकी समूह की बैठक संपन्न हुई।

तकनीकी समूह की बैठक में बैंक के कार्यक्षेत्र अंतर्गत जिला राजनांदगांव, मोहला, खैरागढ एवं कबीरधाम के खरीफ एवं रबी वर्ष 2024-25 के लिए धान, कोदो कुटकी, अरहर, मूंग उड़द, मूंगफल्ली, तिल, सोयाबीन, मक्का शंकर, रागी, कपास एवं उद्यानिकी सब्जी फसलों के ऋणमान निर्धारण करने हेतु विस्तृत समीक्षा की गई। तकनीकी समूह की बैठक में जिले के कृषकगणों से फसलों के ऋणमान तैयार करने हेतु सुझाव लिये गये तथा उन्नत कृषि को कैसे बढ़ावा दिया जाये इस पर चर्चा हुई।

कलेक्टर एवं प्रशासक श्री अग्रवाल द्वारा मक्के की खेती किए जाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। राजनांदगांव जिले के उन्नत कृषक श्री सलूजा द्वारा बताया गया की मक्के की फसल में धान की अपेक्षा उर्वरक आधा लगता है जबकि उपज अधिक होने पर कृषकों को लाभ अधिक होता है। मक्का का पौधा एक सनलाईट पसंद पौधा होता है एवं इसमें खरपतवार नाशी के उपयोग की आवश्यकता नहीं होती है।

### शुभांक

अनुमानित

**बी. के**
3-6-8
345-2 890-7
**राजधानी**
2-4-9
235-0 344-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# मैथ्स ओलंपियाड में युगांतर के आठ विद्यार्थी दूसरे राउंड के लिए क्वालीफाई



राजनांदगाँव (दावा)। भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल के आठ विद्यार्थियों ने एस ओ एफ मैथ्स ओलंपियाड की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम आकर दूसरे राउंड के लिए क्वालीफाई किया है। इन विद्यार्थियों में कृषा कांकरिया कक्षा 3, अरशान अजिज कक्षा 4 , आयरा अजिज कक्षा 5, त्रिशा जैन कक्षा 6, प्रागित्य रूंगटा कक्षा 7, लब्धि जैन कक्षा 8, नैतिक पारख कक्षा 9, सौम्या देवांगन कक्षा 10 के वर्ग में विद्यालय स्तर में प्रथम रहे। इन विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल व सर्टिफ़िकेट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इन विद्यार्थियों ने स्कूल रैंक प्रथम अर्जित करके विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य ने विषय विशेषज्ञ शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम बनाकर हम सभी विद्यार्थियों को विविध विषय से जुड़े आई एम ओ ओलंपियाड का गहन अभ्यास कराया है, जिसकी बदौलत संस्था ने इन ओलंपियाड की परीक्षाओं में प्रदेश, देश और विश्व में राजनांदगाँव का परचम लहराए रखा है। उन्होंने आगे बताया कि इन ओलंपियाड परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियमित विशेष कक्षाएँ संचालित हो रही हैं। इससे लाभान्वित होते हुए युगांतर के बच्चे हर विधा, हर विषय में विद्यालय स्तर पर ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर रहे हैं।

इस वर्ष भी शाला के बच्चों की इन उल्लेखनीय सफलता पर बच्चों व पालकों में काफी खुशी छाई हुई है। विद्यार्थियों के माता-पिता ने प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, एस ओ एफ प्रभारी ललित महोबिया, आलोक श्रीवास्तव तथा युगांतर के प्रबंधन का सदैव उच्च स्तरीय सुविधाएँ हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने बताया कि युगांतर हमारे बच्चों को ओलंपियाड परीक्षा में गाइड करने के अलावा उनके कुशल स्वास्थ्य तथा उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रख रहा है। प्रबंध समिति के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने इन होनहार विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयाँ दी है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
12th Jan to 18th Jan 2024




Merry Christmas - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Captain Miller - 03:15 and 09:15 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Dunki - 06:15 pm
Salaar - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.151497/निविदा सूचना क्र.25/वलेलि/2023-24, कवर्धा, दिनांक 16.01.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **07.02.2024 17.30** तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**कार्य का नाम-** राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगांव की मटियादर्री एनीकट कम काजवे के प्रोटेक्शन कार्य के अंतर्गत एफ्लक्स बंड का कार्य, आउट फ्लेकिंग बैंक का फिलिंग कार्य, अपस्ट्रीम रिटेनिंग वॉल, डाऊन स्ट्रीम रिटेनिंग वॉल एवं एनीकट का मरम्मत कार्य एप्रोच रोड का कार्य एवं एफ्लक्स बंड के लिए डी.सी. निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत- रू. 1140.16 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.01.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी- 07175/2

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक
202401093700021 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. करतार सिंह आ. स्व. सरदार रामसिंग, निवासी-सिंधी कालोनी लालबाग, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला सिंधी कालोनी लालबाग स्थित शीट क्रमांक 24 सी, भूखण्ड क्रमांक-36, क्षेत्रफल 139.00 वर्गमीटर धारकगण प्रीतम सिंह करतार सिंह, अवतार सिंह आ. राम सिंह, निवासी-लालबाग, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर लोक अदालत के आधार पर आवेदक अपना नाम नजूल जांच संधारण खसरा में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 31.01.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रराजस्व मामला क्रमांक
202401093700022 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जोगेन्दर सिंह आ. स्व. सरदार प्रीतम सिंग, निवासी-सिंधी कालोनी लालबाग, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला सिंधी कालोनी लालबाग स्थित शीट क्रमांक 24 सी, भूखण्ड क्रमांक-37, क्षेत्रफल 139.00 वर्गमीटर धारक प्रीतम सिंह आ. अमरसिंह, निवासी-लालबाग, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर लोक अदालत के आधार पर आवेदक अपना नाम नजूल जांच संधारण खसरा में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 31.01.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.........अ20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महेश माखीजा आ. वर्णजाराम माखीजा नि. लालबाग राज. द्वारा राजनांदगांव के ग्राम/मोहल्ला राजनांदगांव प.ह.नं./शीट क्रमांक......खसरा नंबर/भूखण्ड क्रमांक 181/1 रकबा 4.2020हे./ वर्गमीटर में से 1200 वर्गफुट/ वर्गमीटर अतिक्रमित शासकीय भूमि का भूमिस्वामी हक में व्यवस्थापन किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त आवेदित भूमि को अतिक्रमित शासकीय भूमि को आवेदक के नाम भूमिस्वामी हक में व्यवस्थापन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/1/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 24/01/2024

**नजूल अधिकारी, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.........अ20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रवि वाधवानी आ.हरीश वाधवानी नि. लालबाग राज. द्वारा राजनांदगांव के ग्राम/मोहल्ला राजनांदगांव प.ह.नं./शीट क्रमांक......खसरा नंबर/भूखण्ड क्रमांक 181/1 रकबा 4.2020 हे./वर्गमीटर में से 900 वर्गफुट/वर्गमीटर अतिक्रमित शासकीय भूमि का भूमिस्वामी हक में व्यवस्थापन किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त आवेदित भूमि को अतिक्रमित शासकीय भूमि को आवेदक के नाम भूमिस्वामी हक में व्यवस्थापन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/1/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 24/01/2024

**नजूल अधिकारी, राजनांदगांव**

# शहर में सड़क पैच वर्क.... मखमल में टाट का पैबंद

राजनांदगांव। शहर में इन दिनों जर्जर सड़कों का पैचवर्क काम किया जा रहा है। वही चुनाव से पहले अमृत मिशन के कारण गड्ड-मड्ड हो चुके सड़कों की क्रांक्रीटीकरण करने का काम शुरू किया गया था। जो अब जाकर लगभग पूरा होते दिख रहा है तो कुछ स्थानों पर ठेकेदारों द्वारा दो-चार प्रतिशत काम बाकी छोड़ दिए गए है। शहर के श्रमिक बहुल वार्डों में बनी उक्त कांक्रीटीकरण वाली सड़कों निर्माण के लिए उपयोग किए गए घटिया दर्जे की सीमेंट से गर्द-गुबार उड़ने लगा है। कई बार पानी की तराई किए जाने के बाद भी सीमेन्ट का गर्द-गुबार उड़ना कम नहीं हुआ है। इससे वार्डवासी खासे परेशान है। लोगों की शिकायत है कि इस नई सीमेन्ट कृत सड़क से उड़ने वाली गर्द से लोग सर्दी-खांसी से पीड़ित हो रहे है। स्वास-दमा के रोगियों के लिए सीमेन्टीकृत सड़कों से गर्द-गुबार उड़ना उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

**क्रांकीटीकरण वाली सड़कों से उड़ रहा गर्द-गुबार... सर्दी-खांसी से पीड़ित हो रहे लोग... स्वास रोगियों की मुसीबत बढ़ी**



### उड़ रही सीमेंट की गर्द

सेठी नगर वार्ड नं. 36 के रहवासी घनश्याम शर्मा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा अशोक राइस मिल रोड की सड़क को कम्पलीट किए बगैर छोड़ कर चला गया है लेकिन न जाने किस घटिया सीमेन्ट का उपयोग किया है। जिससे उक्त सीमेन्ट वाली रोड एकदम से धूल-धूसरित एवं सफेद दिख रही है जैसे लगता है कि सड़क में सीमेन्ट को बुरक दिया है। उक्त सड़क से सीमेन्ट का गर्द-गुबार उड़-उड़ कर लोगों के घरों में प्रवेश कर जा रहा है वही आंख कान-नाक-मुंह के द्वारा शरीर में प्रवेश कर जाने से लोग सर्दी खांसी, आंखो में जलन जैसे परेशानियों से जूझने लगे है। उन्होंने बताया कि इससे सबसे ज्यादा परेशान स्वास-दमा के रोगियों की है। फेफड़े में सीमेन्ट का गर्द-गुबार प्रवेश कर जाने से खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो जा रही है

### टाट का पैबंद

जैसे कि पहले ही उल्लेख किया गया चुका है कि गडड-मडड सड़कों के किए जा रहे पैच वर्क भी मखमल के कपड़े में टांट के पैबंद लगाने जैसा किया जा रहा है। डामर वाले सड़कों के गड्ढो को सीमेन्ट क्रांकीट से भरा जा रहा है। जिससे उक्त सड़क जल्दी ही उखड़ जा रही है। वही दूसरी ओर भारी वाहनों के चक्के तले रौंदा कर उक्त पैबंद गर्द-गुबार बन कर उड़ रहा है। जिससे लोग धूल-धुसरित तो हो रहे है। शरीर के अन्दर प्रवेश पाने से स्वास्थ्यगत परेशानियों से भी दो-चार होना पड़ रहा है। इधर डाक्टरों का भी कहना है कि गर्द-गुबार उड़ने से गले में खरास नाक बहना सर्दी-खांसी जैसी शिकायत के अलावा आंखों में जलन इन्फेक्शन जैसी समस्या उत्पन्न हो सकती है। लेकिन सीमेंट की धूल बहुत ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो सकता है। स्वांस-दमा के मरीजों के लिए यह जान लेवा साबित हो सकता है।

# आदिवासी कांग्रेस ने हसदेव अरण्य बचाने राष्ट्रपति व राज्यपाल से लगाई गुहार




राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ संभाग के फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव क्षेत्र में वनों की लगातार हो रही कटाई से वन्य जीवों के रहवास जंगल का अस्तित्व समाप्त हो रहा है साथ ही आदिवासियों के समक्ष विस्थापन जैसी भीषण समस्या व उनकी सांस्कृतिक धरोहर स्थल भी नष्ट हो रहे जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी व शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

**शहर जिला कांग्रेस व आदिवासी कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

जानकारी देते हुए शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गेमू कुंजाम ने बताया कि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे जी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस आदिवासी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस संगठन के साथ मिलकर आदिवासी कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार 17 जनवरी को जयस्तंभ चौक में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर संजय अग्रवाल के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

इस संबंध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि कोयला के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य के हजारों एकड़ भूमि व जंगलों की कटाई किया जा रहा है। जो कि हसदेव अरण्य क्षेत्र प्राकृतिक रूप से सघन वनों से आच्छादित एवं जैवविविधिता से समृद्ध क्षेत्र है। जहां सदियों से आदिवासी समुदाय के साथ ही अन्य समुदाय के लोग निवास करते आ रहे है। छत्तीसगढ़ के फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव क्षेत्र में वनों की कटाई होने से जहां वन्य जीवों के रहवास जंगल का अस्तित्व समाप्त होगा साथ ही आदिवासियों के समक्ष विस्थापन जैसी भीषण समस्या आने से उनके सांस्कृतिक धरोहर स्थल भी नष्ट हो जाएंगे। इस भीषण कटाई को तत्काल रोकने व आदिवासी भाईयों के साथ न्याय दिलाने की मांग को लेकर एक दिवसीय शांतिपूर्ण ढंग से विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, झम्मन देवांगन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अमित चंद्रवंशी, ग्रामीण अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, अमर झा, पूर्णिमा नागदेवे, जोगी कोमरे, कीर्तन चंद्रवंशी, दिलेश्वर नेताम, मुकेश नेताम, उमर नेताम, मेश्राम करके, सुशील, संजय साहू, फरमान अली, अब्दुल कादिर कुरैशी, मोहम्मद फारूख, संदीप जायसवाल सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# निर्मोही अखाड़ा के महंत नरेंद्र दास अयोध्या रवाना

राजनांदगांव(दावा)। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनि अखाड़ा के राष्ट्रीय महासचिव महंत नरेंद्र दास जी अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए में रवाना हुए हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में उनके समस्त शिष्यों द्वारा माल्यार्पण कर शाल भेंटकर उनके सफल यात्रा की कामना करते हुए प्रस्थान कराया गया।



महंत जी के शिष्य राजेश डागा ने बताया कि महंत जी के संस्कारधानी से रवाना होकर आगे खैरागढ़-छुईखदान, गंडई एवं कवर्धा पहुंचने पर वहां भी उनके शिष्यों द्वारा स्वागत किया गया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त की। श्रद्धालुओं ने महंत जी को आगे की यात्रा के लिए सफलता की कामना करते हुए उन्हें भावभीना बिदाई दी। संस्कार धानी में महंत जी का हर्षोल्लास से स्वागत करने के उपरांत उनकी भावभीनी बिदाई करते समय शहर के नीरज वाजपेयी, संजय सोनी, राकेश ठाकुर, राजेश डागा, मुरली भगवानी, संजय तेजवानी, संजय रिजवानी, भुवन भास्कर गुप्ता, सोम ठाकुर, पार्षद श्रीमती जया यादव, श्याम ठक्कर, अभय श्रीवास्तव एवं एवं शिष्य गण उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस ने प्रवक्ताओं को दी लोकसभा की जिम्मेदारी

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा 2024 के चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट के द्वारा ली गई बैठक के पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ ग के युवा अध्यक्ष दीपक बैज जी ने प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रवक्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला अपनी टीम को सतत मार्गदर्शन कर भाजपा पर तथ्यात्मक प्रहार निरंतर करते आ रहे हैं और केंद्र सरकार की असफलताओं को आम जनता के बीच मजबूती से रखते हैं इसी के चलते प्रत्येक लोकसभा के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ताओं को जोनल एवं लोकसभा प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।



**दुर्ग जोन प्रभारी धनजय ठाकुर, राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी रूपेश दुबे नियुक्त**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैंदू जी के हस्ताक्षरित इस आशय का आदेश जारी पत्र में छ ग प्रदेश के 11 लोकसभा क्षेत्रों का 5 जोन बना वरिष्ठ प्रवक्ताओ को जोन का व प्रदेश प्रवक्ताओ को लोकसभा की जिम्मेदारी प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत दुर्ग जोन प्रभारी प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर को बनाया गया है साथ ही दुर्ग जोन अंतर्गत राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 6 के लिए प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे को प्रभारी नियुक्त किया गया है ।

श्री रुपेश दुबे ने जिम्मेदारी प्रदान करने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व के विश्वास के अनुरूप पूरी कर्मठता से कार्य करने का संकल्प लिया हूं।

श्री दुबे की नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई, लोकसभा समनव्यक पीसीसी महामंत्री दीपक दुबे, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला,राजनांदगांव नगर निगम की महापौर हेमा देशमुख जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू, मोहला मानपुर चौकी जिलाअध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई के जिलाअध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे कवर्धा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष होरी साहू, विधायक इंद्रशाह मांडवी, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक भोलाराम साहू विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा सहित संगठन के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम पंचायत कांकेतरा

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने् के लिए आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत कांकेतरा पहुंची। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की सामान्य जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया। मोबाईल वैन के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। केन्द्र सरकार की योजनायों से लाभांवित हितग्राहियों मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने विचार व्यक्त किए। धरती कहे पुकार के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मांग और शिकायतों के संबंध में आवेदन भी लिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर शासन की जनकल्याकारी योजनाओं के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी गई और लोगों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा गया।

**○ विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रही केन्द्र शासन की योजनाएं**
**0 कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया गया प्रोत्साहित**

इस अवसर पर सरपंच तोरन लाल साहू सहित कामता बंजारे, दयाल दास साहू, श्रीमती आशा सिन्हा, श्रीमती अंजनी ढीमर, श्रीमती पुष्पा बाई साहू, श्री किशुन देवांगन सहित ग्राम पंचायत के पंचगण, बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। इसके साथ ही छोटे-छोटे बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केन्द्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। स्टाल में बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। पशुधन विभाग के स्टॉल में पशुपालकों द्वारा पशुपालन के लिए ऋण हेतु आवेदन किया गया। परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। कार्यक्रम में डाक विभाग द्वारा मोबाईल से आधार लिंक किया गया, साथ ही आधार कार्ड बनाया गया। कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक के उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का केवाईसी किया गया। राजस्व एवं आपदा विभाग द्वारा विभागीय योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभार्थी श्रीमती हेमबती बंजारे, श्रीमती छबीलता साहू ने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें राशि मिली है। जिसे उन्होंने स्वयं और अपने बच्चे के पोषण आहार में खर्च किया है। जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्रीमती ईश्वरी साहू ने कहा कि आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज करवाया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी श्रीमती सुरखा, श्री गोपीराम बंजारे और ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राम नाम संकीर्तन यात्रा ....



राजनांदगांव (दावा)। देवांगन समाज, तुलसीपुर ममता नगर इकाई, राजनांदगांव के महिला मंडल द्वारा कल 16 जनवरी मंगलवार को भगवान श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व राम नाम संकीर्तन यात्रा तुलसीपुर ममता नगर में पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

# मिट्टी के दिये व मिठाई दे कर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए जैनम ने किया लोगों को आमंत्रित





राजनांदगांव (दावा)। पूरे देश में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को लेकर उल्लास का माहौल है। पूरे देश में इस दिन हर घर दीपावली मनाये जाने का आग्रह किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जैनम बैद उनकी टीम द्वारा शहर के दीनदयाल कालोनी, आशा नगर, लखोली सहित विभिन्न क्षेत्रों में मिट्टी के दिये, तेल, बाती एवं मिठाई के बॉक्स का वितरण किया गया। विभिन्न स्थानों में बॉक्स का वितरण करते हुए जैनम बैद व उनकी टीम ने आम जन से जोर शोर से 22 जनवरी को दीपावली मनाने की बात कही। वितरण के दौरान जैनम बैद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ वासियों को दी गई गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है इसकी जानकारी भी उन्होंने दी।

**शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया वितरण, कहा उल्लास से मनाएं दीपावली**

ज्ञातव्य है कि धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। जैनम बैद ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में वर्षो श्री रामलला तम्बू में विराजमान रहे लेकिन आज भव्य मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमको इस पुण्य अवसर का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जैनम ने लोगों से अपील की है कि आइये हम सब मिलकर 22 जनवरी के इस पावन दिवस को यादगार बनाएं और हर घर दीपावली मनाकर रामलला का स्वागत करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवम लोढ़ा, हर्ष अग्रवाल, चिराग शर्मा, पीयूष वर्मा, उज्ज्वल लुंकड़, हर्ष गोलछा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में गाय पालने की शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पालिटेक्निक कॉलेज में वहां के कर्मचारी द्वारा गाय पाले जाने को लेकर प्राचार्य से शिकायत की गई है।

बताया जाता है कि कर्मचारी शत्रुहन लाल कोसमे कालेज परिसर में दर्जन भर से ज्यादा गायों को पाल रखी है। उक्त गाए खुली रहने से आसपास के कर्मचारियों के घरों में घुस कर खाद्य सामाने चट कर जाती है जिससे कालेज के क्वांटर में रहने वाले लोगों की नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इन खुली गायों से कालेज की छात्राए भी भयभीत रहती है। इससे कालेज आने वाली छात्राओं की संख्या कम होना बताया जा रहा है। मिनीमाता शासकीय कन्या पालिटक्निक कालेज के भवन प्रभारी मदन सिंह, मुकेश चौबे आदि ने प्राचार्य से इसकी शिकायत कर कालेज परिषर में गाय पालन कर व्यवसाय करने वाले कर्मचारी शत्रुहन कोसमे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है तथा तत्काल वहां से मवेशियों को हटाए जाने का निवेदन भी किया गया है।

# राजनांदगांव लोकसभा समन्वयक दीपक दुबे आज लेंगे जिला कांग्रेस की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण एवं शहर की बैठक लेने लोकसभा समन्वयक श्री दीपक दुबे आज 18 जनवरी को राजनांदगांव पधार रहे हैं।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं लोकसभा राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी संगठनात्मक तैयारी में जुट गए है इसी क्रम में एआईसीसी से नियुक्त लोकसभा राजनांदगांव के समन्वयक श्री दीपक दुबे जिला कांग्रेस ग्रामीण एवं शहर की आवश्यक बैठक 18 जनवरी को साहू सदन पुराना हॉस्पिटल के पास राजनांदगांव में अपरान्ह 2 बजे से जिले के सम्मानित विधायकगण, जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व विधायकगण, विधानसभा प्रत्याशीगण, नगर निगम-पालिका नगर पंचायत के महापौर,अध्यक्ष,पार्षद, पूर्व पार्षद पूर्व एल्डरमैन, जिला पंचायत जनपद पंचायत सदस्यगण, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, स्थाई, विशेष आमंत्रित सदस्य , युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के जिला ब्लॉक पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पदाधिकारीगण, जोन/ सेक्टर, बूथ अध्यक्ष, प्रभारी, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस,अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, अनुसूचित जाति विभाग, सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला ब्लॉक पदाधिकारी, समस्त प्रवक्तागण, सोशल मीडिया के सम्मानित साथियों की बैठक लेकर आवश्यक रणनीति पर चर्चा कर मार्गदर्शन देंगे।

## अनमोल दावा

> समय और स्थिति कभी भी बदल सकती है, इसलिए कभी भी किसी का अपमान ना करें।

# भारत में पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर सुखद

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले कुछ सालों में देश में विकासात्मक गतिविधियों को लेकर सक्रियता दिखती है और उसी मुताबिक जमीनी स्तर पर बदलाव भी आ रहे होंगे। इस लिहाज से देखें तो नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट को एक उम्मीद की तरह देखा जा सकता है, जिसमें देश में बीते नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आने का दावा किया गया है।

जिस दौर में दुनिया भर में तमाम विकासशील देशों से लेकर विकसित देश भी कई मोर्चों पर व्यापक आर्थिक उथल-पुथल और मंदी से दो-चार हैं, उसमें भारत में करीब पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर आती है तो यह अच्छी बात है। सवाल है कि अगर इतने लोगों की जिंदगी में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और अलग-अलग पैमानों पर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है तो सार्वजनिक स्तर पर यह दिखता क्यों नहीं है। गौरतलब है कि बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर में सुधार की कसौटी पर मापा जाता है और ये बारह सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित संकेतकों के जरिए दर्शाए जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना का कितनी महिलाओं को मिल रहा लाभ, क्या कहते हैं पिछले दो महीनों के आंकड़े? नीति आयोग के परिचर्चा पत्र में एक आकलन के मुताबिक, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 फीसद थी, वह 2022-23 में 11.28 फीसद रह गई। इस रपट में एक खास पहलू यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश ऐसे राज्य रहे, जिनमें गरीबी में सबसे ज्यादा कमी दर्ज की गई। इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है।देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और रही। जाहिर है, इस मसले पर उठाए गए कदम अपर्याप्त थे। अब अगर बहुआयामी गरीबी के दायरे से भारी तादाद में लोगों के बाहर आने के आंकड़े सामने आए हैं तो स्वाभाविक ही नीति आयोग ने इसका श्रेय भी सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को दिया है।

देश में विकास के लिए जो आर्थिक पैमाने माने जाते हैं, उसमें खासी संख्या में लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आना एक सकारात्मक बदलाव है। सवाल है कि अगर इतनी बड़ी तादाद में लोग अभाव और गरीबी की दलदल से निकल कर बेहतर जीवन-स्तर जीने लगे हैं, तो जमीन पर यह क्यों नहीं दिखता है।

कोरोना महामारी के बाद, पिछले दो-तीन वर्षों से खुद सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। किसी भी सामाजिक तबके को अगर पेट भरने के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की जा रही है, तो इसकी कसौटी गरीबी ही होगी। अगर इतनी बड़ी आबादी गरीब होने के नाते मुफ्त राशन की हकदार मानी जा रही है तो वे कौन लोग हैं, जो गरीबी रेखा के दायरे से बाहर आ रहे हैं? इसके अलावा, बेरोजगारी के मोर्चे पर स्थिति यह है कि बड़ी संख्या में लोगों के सामने जीवनयापन की चुनौती मुंह बाए खड़ी है।गरीबी रेखा के पैमाने और इसके तहत निर्धारित शर्तों के बरक्स हकीकतें छिपी नहीं हैं। जरूरत इस बात की है कि आर्थिक जटिलताओं के समांतर विकास के ऐसे उपाय जमीनी स्तर पर किए जाएं, जिससे अगर गरीबी कम हो रही हो, लोग इसकी जकड़बंदी से बाहर आ रहे हों तो वह प्रत्यक्ष दिखे भी।

# भारत में धुंध से होने वाली ट्रेनों की देरी को क्यों नहीं टाला जा सका है?

**चंदन कुमार जजवाड़े**



कई ट्रेनें ऐसी हैं जो एक दिन बाद भी अपनी मंज़िल तक नहीं पहुंच रही हैं. इनमें राजधानी एक्सप्रेस, वंदे भारत और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें भी शामिल हैं. भारत सरकार का दावा है कि साल 2023-24 के बजट में उसने रेलवे को दो लाख 40 चालीस हज़ार करोड़ रुपए दिए हैं जो कि साल 2013-14 में यूपीए सरकार के दौरान दी गई रक़म से नौ गुना ज़्यादा है. लेकिन इसके बाद भी मुसाफ़िरों को अब तक कोहरे से कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है. कोहरे का असर उत्तर भारत के ज़्यादातर हिस्सों के साथ-साथ पूर्वी और पश्चिमी भारत में भी देखा जाता है. केंद्र सरकार इस समस्या का हल निकालने के लिए हर साल कम डिमांड वाली ट्रेनें रद्द करके अहम ट्रेनों को समय पर चलाने की कोशिश करती है. उत्तर रेलवे ने बीते नवंबर में ही एहतियातन 62 ट्रेनों को रद्द करने का फ़ैसला किया था. इसके साथ ही 46 अन्य ट्रेनों के फेरे कम किए गए थे और छह ट्रेनों को निर्धारित रूट से कम दूरी तक चलाने का फ़ैसला किया गया.13 जनवरी को नई दिल्ली से चलने वाली 12394 संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस 27 घंटे से भी ज़्यादा लेट होकर 15 जनवरी को पटना पहुँची है.

13 जनवरी की 12314 सियालदह राजधानी ट्रेन नई दिल्ली से चलकर 24 घंटे से भी ज़्यादा देरी से 15 जनवरी को सियालदह पहुँची है. इसी दिन की 12302 हावड़ा राजधानी ट्रेन भी 23 घंटे की देरी से 15 जनवरी को हावड़ा पहुँची है. जबकि 13 जनवरी की नई दिल्ली-राजेंद्र नगर तेजस राजधानी ट्रेन 22 घंटे से भी ज़्यादा देरी से 15 जनवरी को राजेंद्र नगर (पटना) पहुंची है. भारत में इस तरह के एहतिहयान क़दम रेलवे के अन्य ज़ोन में भी उठाए जाते हैं. लेकिन इसके बावजूद भी दर्जनों ट्रेनें इस साल भी कोहरे के मौसम में घंटों की देरी से चल रही हैं. इनमें राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस और वंदे भारत ट्रेनें भी शामिल हैं.13 जनवरी को नई दिल्ली से जयनगर के बीच चलने वाली 12562 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से क़रीब 24 घंटे की देरी से चल रही है. 12368 विक्रमशीला एक्सप्रेस 13 जनवरी को दिल्ली के आनंद विहार से चलने वाली 15 जनवरी को क़रीब 24 घंटे की देरी से भागलपुर पहुंच रही है. इसी दिन 12304 नई दिल्ली से हावड़ा के बीच चलने वाली पूर्वा एक्सप्रेस भी क़रीब 24 घंटे की देरी से मंज़िल तक पहुँची है. कोहरे के दौरान भारतीय रेल में पटरी पर ट्रेनें अपनी निर्धारित गति से क्यों नहीं चल पाती हैं? इसका सीधा सा जवाब यह है कि हर ट्रेन को पटरी के किनारे मौजूद सिग्नल के मुताबिक़ चलना होता है. कोहरे के दौरान विज़ीबिलिटी कम होने से इन सिग्नल को देखना ट्रेन के पायलट के लिए आसान नहीं होता है. ऐसे में अगर किसी सिग्नल में लाल बत्ती जल रही हो तो पायलट क़रीब पहुँच कर ही उसे देख पाएगा और फिर उसके लिए समय पर ब्रेक लगाना मुश्किल होगा. ऐसे में कोहरे की वजह से कभी भी बड़ा रेल हादसा हो सकता है. इसलिए कोहरे के मौसम में ट्रेन की अधिकतम गति सीमा काफ़ी कम कर दी जाती है. इससे ट्रेनें देरी से अपनी मंज़िल तक पहुँच पाती हैं. अगर रेलवे के किसी रूट पर एबसोल्यूट ब्लॉक सिस्टम हो यानी दो स्टेशनों को बीच एक समय में केवल एक ट्रेन चल रही हो तो ट्रेन को अधिकतम स्पीड में चलाया जा सकता है, क्योंकि ट्रैक पर कोई दूसरी ट्रेन होगी. लेकिन भारत में एक के पीछे एक ट्रेन चलती हैं.

यानी ट्रेनें सिग्नल से सिग्नल के बीच चलती हैं. ऐसी स्थिति में एक ट्रेन लेट चल रही हो तो उसके पीछे की सभी ट्रेनें भी लेट हो जाती हैं. इसलिए कैसकेडिंग इफ़ेक्ट की वजह से रूट की सभी ट्रेनों पर असर पड़ता है. यानी कोहरे का व्यापक असर रेलवे की कई ट्रेनों को सीधा प्रभावित करता है. उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार कहते हैं, च्च्एक बार लेट हो जाने के बाद अगर ट्रेनें ऐसे इलाक़े में आ जाती हैं, जहाँ कोहरे का असर नहीं हो तो भी हमारे पास उस टाइम को मेकअप करने का ज़्यादा समय नहीं होता है.उनके मुताबिक़ अगर दिल्ली से मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेन लेट हो जाए तो इस देरी को कम करने के लिए महज़ आधे घंटे का समय होता है. जबकि ढाई घंटे की फ़्लाइट के पास क़रीब 45 मिनट समय ऐसा होता है जिसमें फ़्लाइट की देरी को मैंटेंन कर समय पर लैंडिंग हो सकती है. ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि क्या भारत में कोहरे की वजह के मुसाफ़िरों को हर साल होने वाली इस समस्या का कोई समाधान नहीं है? भारतीय रेल में कुछ सालों से फ़ॉग यानी कोहरे मौसम में ट्रेनों में फ़ॉग सेफ़्टी डिवाइस का इस्तेमाल शुरू किया गया है. इसका मक़सद कोहरे के मौसम में ट्रेनों के परिचालन को सुरक्षित रखना है. उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार के मुताबिक़, च्च्उत्तर रेलवे से गुज़रने वाली क़रीब 1200 ट्रेनों में फ़ॉग सेफ़्टी डिवाइस लगाए गए हैं. यह डिवाइस इंजन में लगाया जाता है जो लोको पायलट को बताता है कि रूट पर कितनी दूरी पर सिग्नल है. फिर ड्राइवर सिग्नल देखकर ट्रेन की गति या उसमें ब्रेक लगाना तय करता है.दरअसल फ़ॉग सेफ़्टी डिवाइस लोको पायलट को बताता है कि रूट पर आगे कितनी दूरी पर रेलवे का अगला सिग्नल है.

पायलट के लिए ट्रैक पर हर सिग्लन देखना ज़रूरी है और कोहरे के मौसम में विज़ीबिलिटी कम होने की वजह से ट्रेन को धीमा रखकर ही सिग्लन को सावधानी से देखना होता है.इसी जनवरी महीने की रेल मंत्रालय की एक प्रेस रिलीज़ के मुताबिक़ इस साल भारतीय रेल में क़रीब 20 हज़ार च्फ़ॉग पास डिवाइसज् का इस्तेमाल हो रहा है. दावा किया गया है कि इसका मक़सद कोहरे के मौसम में ट्रेन सेवा को भरोसेमंद बनाना, ट्रेनों को समय पर चलाना और मुसाफ़िरों की सुरक्षा है. हालाँकि, इस डिवाइस से ट्रेनों को समय पर चला पाना बहुत संभव होता नहीं दिखता है. रेलवे बोर्ड के पूर्व मेंबर ट्रैफ़िक देवी प्रसाद पांडे के मुताबिक़, धुंध की वजह से ट्रेनों के सही परिचालन का एकमात्र उपाय कैब (सीएबी) सिंग्नलिंग सिस्टम है. इसमें पायलट को ट्रैक के किनारे लगे सिग्नल नहीं देखने होते हैं, यह एक मशीन के ज़रिए लोको पायलट को ट्रैक और रूट के सिग्नल की जानकारी देता है. हालाँकि इसकी भी अपनी सीमा है. दरअसल, रेलवे में एक ही रूट के अलग-अलग सेक्शन पर अलग-अलग वजहों से ट्रेनों की गति सीमा तात्कालिक रूप से भी निर्धारित होती है. इसके लिए रूट पर कई जगहों पर पटरी के किनारे लिखित रूप में भी गति सीमा की सूचना दी जाती है. इसके पीछे ट्रैक मेंटेनेंस, ज़मीन का किसी वजह से कमज़ोर होना, पटरी के आसपास कोई निर्माण कार्य चलना या किसी वजह से ट्रैक के आसपास भीड़ की मौजूदगी भी हो सकती है. कई बार रेलवे फाटक के पहले सी.फा. यानी सीटी फाटक लिखा होता है, जिसे देखकर लोको पायलट को ट्रेन की सीटी बजानी होती है. ऐसी स्थिति में कैब सिग्नलिंग सिस्टम की अपनी सीमा है. सर्दियों के मौसम में कई बार विजिबिलिटी 20-30 मीटर या उससे भी कम रह जाती है. ऐसें में ट्रेनों को ज़्यादा रफ़्तार देना हादसे की वजह बन सकता है. ऐसा नहीं है कि कोहरे का असर केवल भारत के कुछ इलाक़ों में सर्दियों के दौरान देखने को मिलता है. यह कोरिया, जापान और चीन जैसे तकनीकी तौर पर विकसित देशों के अलावा यूरोप में भी खूब देखने को मिलता है. लेकिन वहाँ सिग्लनिंग की बेहतर तकनीक के सहारे ट्रेनों का परिचालन होता है. रेलवे बोर्ड के पूर्व मेंबर ट्रैफ़िक गिरीश पिल्लई कहते हैं, दुनियाभर में सिग्लनिंग की जो आधुनिक तकनीक अपनाई गई है, कोहरे के मौसम के लिए वही तकनीक काम कर सकती है.

अलग-अलग देशों में इसका नाम अलग-अलग है. भारत में भी ऐसी एक तकनीक पर काम चल रहा है. दरअसल इस तकनीक में एक मशीन रेलवे ट्रैक पर मौजूद सिग्नल के पास लगा होती है और एक इंजन या मोटर कोच में. यह लोको पायलट को जीपीएस जैसी तकनीक के ज़रिए सिग्नल की जानकारी वास्तविक समय में या लाइव मुहैया कराता है. यानी यह एक तरह का ट्रेन प्रोटेक्शन वॉर्निंग सिस्टम है जो ट्रेन के पायलट को इंजन में यह जानकारी देता है कि आगे का सिग्लन लाल, हरा या पीला है. यानी इससे पायलट को ट्रैक के किनारे लगे सिग्नल को देखने की ज़रूरत नहीं पड़ती है. इसलिए यह सिस्टम कोहरे के समय भी काम में आ सकता है. यह तकनीक अलग अलग ट्रेनों में लगी होती है. इससे एक ही ट्रैक पर अगर चलती हुई दो ट्रेनें एक दूसरे के काफ़ी क़रीब आ जाएं तो उसमें ब्रेक लग जाता है और ट्रेनों के टक्कर को रोका भी जा सकता है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 41: विजय के क्षणों भी उन्माद नहीं है श्री राम में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



यह श्री राम के जीवन में उनके रण कौशल की पहली विजय है। इस सफलता के बाद भी राम संयत हैं। वे बड़े विनीत भाव से गुरु से आगे का निर्देश प्राप्त करने को तत्पर हैं। उनके जीवन में संतुलन है। वे कठिन और विपरीत परिस्थितियों में तो धैर्य रखना जानते ही हैं लेकिन सफलता और हर्ष के क्षणों में भी आनंदातिरेक और उन्माद भाव नहीं रखते हैं। गुरु विश्वामित्र तथा राम और लक्ष्मण उस स्थल से आगे बढ़ते हैं। रात अब गहराने लगी है। हाथ को हाथ नहीं सूझ रहा है लेकिन निर्बाध रूप से तीनों का बढ़ना जारी है। लक्ष्मण जी चौकस हैं और एक सजग योद्धा की भांति कोई भी आहट होने पर अपनी कमर में बंधा हुआ खड्ग निकालकर लहराने लगते हैं। विश्वामित्र जी कहते हैं, ''ये वन पशुओं की ध्वनियां हैं लक्ष्मण! निश्चिंत रहो।''

''जी गुरुदेव!'' लक्ष्मण ने उत्तर दिया।

सजग तो श्री राम भी हैं। सधे हुए कदमों से आगे बढ़ते हुए भी उनकी दृष्टि इस घोर अंधकार में दूर तक देख पा रही है। वे गुरु से चर्चा कर रहे हैं और आगे मार्ग में संभावित बाधाओं का पहले ही सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए चल रहे हैं। ताड़का वन में ताड़का का रहस्यलोक आज की रात्रि ही समाप्त हो गया है और यहां कल एक नया सूर्योदय होगा। तीनों के दिव्य शरीर से रात के अंधेरे में भी आभा फूट रही है। राम और लक्ष्मण के धनुष में भी अपूर्व कांति है। लक्ष्मण जी ने आसपास के मोटे घास और कपड़े से दीपयष्टि बना ली है और उसे प्रकाशित कर हाथ में लिए हुए हैं। इसकी जलती लौ में अंधेरे में भी कुछ दूर तक देखना संभव हो पा रहा है। एक स्थान पर समतल और अपेक्षाकृत स्वच्छ भूमि दिखाई दी। गुरु ने शिष्यों को निर्देश दिया कि आज की रात हम इसी ताड़का वन में व्यतीत करेंगे और कल सुबह अपने आश्रम पर पहुंचेंगे। वन क्षेत्र में ताड़का के अनुचर रहते हैं। अतः ताड़का की मृत्यु के बाद प्रति-आक्रमण का भय भी है, लेकिन जहां राम और लक्ष्मण हैं, वहां भय कहां। अल्प आहार ग्रहण कर और गुरु के लिए बिछौना तैयार कर दोनों भाइयों ने गुरु से विश्राम का निवेदन किया।उनके सोने के बाद दोनों भाई बारी-बारी से पहरा देने लगे।


(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## शब्द सामर्थ्य - 307

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।


**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चातुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल




# विश्व शांति के महानायक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा



जिनके जीवन के प्रत्येक क्षण और संकल्पों में केवल विश्व शांति की ही वेदना और परमात्मा से प्रार्थना रहती थी। मनुश्य संसार में सबसे सर्वश्रेष्ठ और महान है फिर भी आसुरीयता का राक्षस ऐसा घर कर बैठा है कि मानवीयता और सौहार्द्र बीते समय की बात हो गयी है। इसी उधेड़ बुन में इस सृष्टि पर एक ऐसे महापुरूश के संकल्प थे जिनका नाम था प्रजापिता ब्रह्मा बाबा। उनका मकसद सर्व मनुष्यात्माओं को एक ऐसे सूत्र में बांधना था जिससे मानवता की डोर ऐसी मजबूत बने जहां पर कलंकित करने वाले कर्मों के लिये कोई स्थान न हो। ऐसा तो उन्हे बचपन से ही था। परंतु जब वे साठ साल की आयु में पहुंचे तब तात्कालिक विश्व की हालत देख उन्हे बहुत पीड़ा होती थी। प्रतिदिन घंटो पूजा पाठ, सर्व मनुष्यात्माओं की सुख शांति के लिये परमात्मा से प्रार्थना करना इसकी शुरूआत स्वयं से नहीं करेगा तब तक इस लक्ष्य को पाना कठिन नहीं बल्कि असंभव है। इसलिये इस कार्य का शुभारंभ उन्होने स्वयं से करना प्रारंभ किया और एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करने की योजना बनायी जिससे पूरे विश्व के लोग उनसे प्रेरणा प्राप्त कर इस मार्ग पर चलकर मुकाम को हासिल कर सकें। सन् 1876 में हैदराबाद सिंध के एक धर्मपरायण परिवार में जन्में दादा लेखराज बचपन से ही पूरी मानवता के कल्याण के लिये चिन्तित रहते थे। कई बार तो उन्हे दूसरों के कष्ट को देखकर इतनी पीड़ा होती थी कि उसके लिये वे घंटो ईश्वर से प्रार्थना किया करते थे। धीरे धीरे वे बडे हुये और अपने माधुर्य स्वभाव तथा ईमानदारी के बल पर सुप्रसिद्ध होते गये। हीरे जवाहरात के व्यापार ने उन्हे वैश्विक स्तर पर सुप्रसिद्ध कर दिया। उन्होने ईश्वर को प्राप्त करने के लिये कई गुरू किये फिर भी उन्हे आत्मसंतुश्टि नहीं मिली। साठ वर्श की आयु में दादा लेखराज एक दिन जब अपने मित्र के घर वाराणसी गये थे तब उन्हे रात्रि में ईश्वरीय शक्ति का साक्षात्कार हुआ। वे इस बात को समझ नहीं पाये कि ये क्या हो रहा है। जब उन्होने अपने गुरूओं से इसके बारे में बात की तो वे भी इससे अनजान थे। तब बाबा समझ गये कि यह ईश्वरीय शक्ति की ही कमाल है। इस घटना से उनके मन में उधेड़ बुन चल ही रहा था कि पुनः परमात्मा ने उन्हे नई दुनिया की स्थापना तथा पुरानी दुनिया के विनाश का साक्षात्कार कराया तथा उन्हे नयी दुनिया की स्थापना का राज समझाया। यह देखकर बाबा की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परमात्मा षिव ने स्वयं अपना परिचय दिया तथा दादा लेखराज से नाम बदलकर प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के नाम से सुषोभित किया। बाबा को यह नहीं समझ में आया कि इस आसुरी दुनिया में नयी दुनिया की स्थापना कैसे होगी। तब परमात्मा ने उनके अंदर प्रवेष होकर स्वयं अपना परिचय दिया कि तुम्ही विष्व महाराजन श्री नारायण हो और अब यह तुम्हारा चौरासीवां जन्म है। जिससे तुम्हारा यह भौतिक रथ अब ईश्वरीय निर्देष्न में नयी संसार बनाने का निमित्त बनेगा। इसके बाद विश्व परिवर्तन की कारवां का शुभारंभ हुआ। बाबा ने सन् 1937 में अपनी सारी चल अचल संपत्ति माताओं बहनों को सौंप दिया। इस अभिनव कार्य के लिए परमात्मा के आदेशानुसार ओम मंडली की स्थापना हुई। जिसमें थोड़े से लोग आकर ईश्वरीय ज्ञान का श्रवण करते तथा अपने को देवता तुल्य बनाने का प्रयास करते। इस महान कार्य का प्रारंभ तो हो गया परंतु दैवीय समाज की परिकल्पना अर्थ हो रहे कार्यों में अनेक आसुरी वृत्तियों वाले लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। परंतु ईश्वरीय शक्ति सदैव ही आसुरी शक्तियों पर भारी पड़ी और कारवां बढता रहा। भारत पाकिस्तान बंटवारे के बाद ओम मंडली नामक यह संस्था ईश्वरीय निर्देशनुसार सन् 1950 में राजस्थान के माउण्ट आबू में आयी। यहीं से प्रारंभ हुआ नयी दुनिया बनाने का सिलसिला। बाबा अच्छी तरह जानते थे कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति को षांति और सुख के संबंधों का रहस्य नहीं मालुम होगा तब तक इस मार्ग पर चलकर इसकी स्थापना में सहयोगी बनना कठिन है। इसके लिये प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने परमात्मा शिव द्वारा दिये जा रहे ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग की षिक्षा को सभी मनुष्यात्माओं तक पहुंचाने का प्रयास प्रारंभ किया। उसके लिये माताओं बहनों को आगे रखा। क्योंकि बाबा को मालूम था कि इस कारवां में माताओं बहनों की भूमिका मुख्य है। यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते तत्र देवता रमन्ते का भाव जागृत कराकर माताओं बहनों का सम्मान करते हुये इस महान सेवा के बागडोर के प्रतिनिधित्व का दायित्व सौंपा। बाबा ने मातओं बहनों को उस समय विषाल सेवा का दायित्व दिया जब समाज में महिलाओं के अधिकारों की चर्चा तक नहीं होती थी। यह अपने आप में एक सामाजिक दृष्टिकोण से लोगों में कौतूहल का विशय रहा। इसके लिये समाज में तरह तरह की चर्चायें प्रारंभ हुई परन्तु उनके सारे संशयों को दूर करते हुए एक मिशाल पेश की।

## राशिफल




**मेष**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों को खुश रखेगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा, जिससे आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज अपने परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। बच्चे आज घर पर खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।




**वृषभ**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी भी पुरानी बातों में न उलझें। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं उनके लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपकी रूचि सामाजिक गतिविधियों में ज्यादा रहेगी। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। आज आप नया घर लेने का विचार करेंगे। परिवार वालों से इस पर विचार विमर्श करेंगे। बच्चे आज आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना देगा। जो लोग अपने करीबियों या रिश्तेदारों के साथ मिलकर बिजनेस कर रहे हैं उन्हें आपस में ताल-मेल बैठकर काम करने की जरुरत है। आपका कोई लेना-देना नहीं है।



**सिंह**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। ज़िंदगी का भरपूर लुत्फ़ उठाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को क़ाबू में रखें। योग का सहारा लेंगे, जो आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखकर दिल और दिमाग़ को बेहतर बनाता है। आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है।



**कन्या**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। घर के जरूरतों को आज नजरंदाज न करें। आपके परिवार को आपसे बहुत ज़्यादा उम्मीदें हैं, जिसके चलते आपको थोड़ी और मेहनत करने की आवश्यकता है। आज लवमेट आज एक-दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे, जिससे रिश्ते में और मधुरता आयेगी।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हंसी-ख़ुशी और सुकून भरा रहेगा। आज आप घर के सजावट का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। दफ़्तर के कामकाज में ज़्यादा व्यस्तता के चलते आज आप घर देर से पहुंचेंगे।




**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में प्राप्त हुआ धन आप दूबारा अपने बिजनेस में ही लगायेंगे। किसी आवश्यक कार्य में आप भाई-बहन से सलाह लेंगे। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताने से रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज परिवार के साथ आप घूमने जा सकते है।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अचानक आए ख़र्चे आपको थोड़े उलझन में डाल सकते है, लेकिन आप जल्द ही सब नियंत्रण में कर लेंगे। आज आपके रूखे बर्ताव के कारण कोई आपकी बातों से असहमत हो सकता है। आज के दिन आप अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर करें।



**मकर**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका कोई पड़ोसी आपसे मदद मांग सकता है। घर की समस्याओं को समझने के लिए आज घर के किसी वरिष्ठ शख्स के साथ आप वक्त गुजार सकते हैं। आज का दिन अपने व्यक्तित्व को निखारने में लगा सकते हैं। छात्र आज कॉलेज द्वारा मिले प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल होंगे।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। पहले किया गया निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आज आप आर्थिक मामलों को ज़रूरत से ज़्यादा गंभीरता से लेंगे और उसे दूर करने के लिए कोई विचार करेंगे। आज आप अपने दोस्त के साथ कहीं घूमने का प्लान करेंगे।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके आस- पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व आपके काम को सराहेंगे। घर पर कोशिश करें कि आपका व्यवहार ज्यादा गुस्से वाला न हो, गुस्से पर नियंत्रण रखे, पारिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा । कुछ लोगों से मिलाना आपके जीवन में नयापन लाएगा और आपको ख़ुशमिज़ाज रखेगा।

# पहला कॉलम...

## दो दिवसीय सस्वर मानस गायन एवं टीका स्पर्धा 19 से

खुज्जी (दावा)। खुज्जी में दिनांक 19 जनवरी 2024 से 21 जनवरी तक सस्वर मानस गायन एवं टीका स्पर्धा का दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है व इस धार्मिक आयोजन को नवनीत मानस प्रचार समिति व समस्त ग्रामवासियों द्वारा रखा गया है, व आस पास के सभी अंचल वासियों से अपिल किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारे व इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठावें व कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई उनके विचारों पर चलने का लिया संकल्प




ठेलकाडीह (दावा)। नेहरू युवा केंद्र के द्वारा ग्राम मोहबा में स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सरपंच संघ के अध्यक्ष नोमेश वर्मा विशेष, अतिथि स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नेतराम वर्मा, शिक्षक भीषण तिवारी, उप सरपंच रामअवतार निषाद एव नेहरू युवा केंद्र के नेशनल यूथ वॉलिंटियर ज्योति वर्मा, रीना वर्मा सहित राधिका निषाद, अमोला निषाद, सखीना व युवक युवती बड़ी संख्या में उपस्थित रहे द्य इस दौरान नोमेश वर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणाओं को लेकर समाज व देश हित में कार्य करने कहा। जिसे हमारा देश विश्व में एक अलग पहचान बना सके और यह देश युवाओं का देश है जिसमें हर कार्य में युवाओं को आगे होना चाहिए जिससे निरंतर समाज व देश आगे बढ़ता रहे द्य साथ ही सभी ने स्वामी विवेकानंद की विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

## ग्राम बम्हनीभांठा में रक्तदान शिविर आयोजित




डोंगरगांव (दावा)। अंचल के समीपस्थ ग्राम बम्हनीभांठा में जीवनदान सेवा संस्था डोंगरगांव टीम द्वारा 15 जनवरी सोमवार को राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, इसके साथ ही रक्तदाता एवम शिक्षक सम्मान किया गया. इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया और 42 यूनिट रक्तदान किया. इसमें 37 पुरुष और 5 महिलाओं ने रक्तदान कर सहयोग किया. बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव से हिमानी साहू और इनकी टीम का इस पूरे शिविर में भरपूर सहयोग मिला. आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति चुन्नी यदु शामिल हुई वहीं बीरेंद्र साहू, शिवनारायण साहू, देवसरि बाई मानिकपुरी, राजेश पटेल, राममनोहर पटेल, जीवन साहू, चंद्रभान साहू, दीनदयाल साहू, जीवनदान सेवा संस्था राजनांदगांव से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण वैष्णव, अमीत चौहान एवं जीवनदान सेवा संस्था डोंगरगांव ब्लाक के अध्यक्ष शांति लाल सांडिल, उपाध्यक्ष गणेश्वर साहू, सचिव डेविड सोनकातर, चूरामन साहू, मनीष साहू, टोमनदास मानिकपुरी, मिथलेश साहू, चरण साहू, डोमेन साहू, एवं अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही और सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा.

## कैलाशनगर वार्ड में अक्षत कलश यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत



गंडई-पंडरिया (दावा)। नगर में मंगलवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आये अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली गई। वार्डवासियो ने ऐतिहासिक स्वागत किया। वार्ड क्रमांक 06 में शाम 6 बजे यात्रा प्रारंभ हुई। पंडित गोविंदा मिश्रा के घर आरती व तिलक लगाकर कलश की पूजा की गई व प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण स्वीकार किया गया। सभी वार्डवासियों में जबरदस्त उत्साह था। राम के भजनों से वार्ड 06 की सभी गलियां राममय लग रही थी। वार्ड के बच्चों का भजन सुनकर नृत्य करने लगे। लोगो ने घर के आंगन को गोबर से लीपा, चौक पूरा व कलश की श्रद्धा भाव से आरती और टिका लगाकर स्वागत किया। लोगो ने आदरपूर्वक 22 जनवरी 2023 के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण को स्वीकार किया। बहुत ही कम तैयारी में भी लोगो मे गजब का उत्साह था। बच्चे कलश यात्रा में राम की वानर सेना ही लग रहे थे। कलश यात्रा लगातार 4 घण्टे चला लेकिन उत्साह इतने गजब का था कि समय का पता ही नही चला। कार्यक्रम में फलेश्वर यादव, हुकुम यादव, संजय राजपूत, सेतु ताम्रकार, पुष्पेंद्र निषाद, मनीष चंदेल, खम्हन ताम्रकार, सेतु ताम्रकार, मुकेश जैन, अनुराग ताम्रकार, संगीत चौबे एवं मातृशक्ति ने कलश यात्रा में उपस्थित रहे।

## वार्ड 8 में परिक्रमा कर, हनुमान की वानर सेना संग अक्षत वितरण किया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण



प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने जा रहा है। इसे लेकर देश के कोने- कोने में रामभक्तों की टोलियों के द्वारा प्रभु राम का जसगान करते अक्षत निमंत्रण दे पर्व को भक्तिभाव सहित धूमधाम से मनाएं जाने आह्वान कर रहे हैं।

शनिवार को वार्ड 8 बधिया टोला रामनगर, छीरपानी क्षेत्र में हनुमान व उनकी वानर दल के साथ पार्षद श्रीमती अलका जयेश, हनुमान सेवा समिति व विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के द्वारा ढोलक मंजीरा रामधुन गाते हुए वार्ड के घरों में जाकर अक्षत निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर अलका जयेश सहारे, विनित यादव, विनोद गुप्ता, हनि गुप्ता, युवराज सेन, अचला सिंह ठाकुर, प्रीति तराने, तिजन सिन्हा, मंजुलता सिन्हा, लालजी उपाध्याय, राजू चंद्रिकापुरे, सोनू श्यामकर सहित समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

# आज कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का होगा शुभारंभ

(अभिषेक त्रिपाठी)

अंबागढ़ चौकी (दावा)। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान रामलला का व अंबागढ़ चौकी में भगवान हनुमन्त महाराज की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नगर में तैयारियां चल रही है। भगवान महावीर मंदिर न्यास समिति एवं नगरवासियों के द्वारा पूरे नगर को भगवान श्रीराम एवं भगवान हनुमान महाराज के चित्रों एवं भगवा ध्वज पताका से सजाया जा रहा है। मंदिर निर्माण ट्रस्ट एवं श्रीराम व श्री हनुमन्त भक्त इस आयोजन से समूचे शहरवासियों को घर-घर आमंत्रण पत्र बाट रहे हैं।

### माताओं ने कलश यात्रा के लिए सजाए कलश

18 से 23 जनवरी तक होने वाले श्रीराम कथा के कलश यात्रा के लिए नगर की माताओं ने पूरी भक्ति के साथ 10 दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी,जो अब पूरी हो चुकी है,भजन गाते हुवे माताओं ने कलश सजाया,तो वही माताओं के द्वारा सुबह 04:00 बजे से श्रीराम भजन करते हुवे प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

### नगरवासियों में भारी उत्साह

नगर में भगवान श्रीरामलला एवं भगवान श्री हनुमन्त महाराज के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष उत्साह है। इस आयोजन में नगरवासियों के साथ-



साथ पूरे क्षेत्रवासियों को जोड़ने के लिए नगर में कई तरह के धार्मिक आयोजन कर रहे हैं। अंबागढ़ चौकी में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्री हनुमन्त महाराज की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में भगवान हनुमन्त महाराज का अभिषेक कैलाश मानसरोवर हिमालय तथा प्रयागराज इलाहाबाद के संगम स्थल, नर्मदे माता एवं अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि स्थल एवं अयोध्या की माता सरयू का जल तथा क्षेत्र की गंगा शिवनाथ नदी के जल से भगवान हनुमन्त महाराज का अभिषेक की तैयारी है।

### रामकाज: घर-घर जाकर बांट रहे हैं निमंत्रण पत्र

प्राण प्रतिष्ठा के लिए घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र दे रहे हैं। क्षेत्र के प्रथम कार सेवक को भी दिया गया आमंत्रण क्षेत्र के प्रथम कार सेवक अजय श्रीवास्तव को मंदिर निर्माण न्यास ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में श्रीरामलला का प्राणा प्रतिष्ठा अनुष्ठान तथा अंबागढ़ चौकी में आयोजित श्री हनुमन्त महाराज का प्राण प्रतिष्ठा तथा सात दिवसीय रामकथा उत्सव का निमंत्रण पत्र दिया। प्रथम कार सेवक श्रीवास्तव ने बताया कि जब कारसेवा हुई थी तब इस क्षेत्र से नेतामटोला, अरजकुंड, ढाटोला एवं चौकी के मात्र छह श्रीराम भक्त शामिल हुए थे। इस कार सेवा में शामिल हुए अन्य 5 साथीयो का स्वर्गवास हो गया है।

1992 में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए कार सेवकों के द्वारा रखी गई शिलाओं में अंबागढ़ चौकी के कार सेवकों का भी योगदान था। कारसेवक श्रीवास्तव ने बताया कि चौकी विकासखंड से गए कार सेवकों में एक राज मिस्त्री नवलसिंह प्रतीती भी थे, जिन्होंने मंदिर निर्माण के लिए यहां पर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। जबकि अन्य साथियों ने मंदिर निर्माण के लिए रखी जा रही शिलाओं को पहुंचाने में सेवाभावी कार्य किया था।

### न्योता बांटने वालों की नगर की माताएं उतार रही हैं आरती

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम लला एवं भगवान श्री हनुमन्त महाराज के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का न्योता देने के लिए घर-घर पहुंच रहे। श्रीराम व श्री हनुमन्त भक्तों का नगर की माताएं व बहनें विशेष सम्मान कर रही है। अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि स्थल में पूजित पीला चावल तथा निमंत्रण पत्र लेकर पहुंच रहे भक्तों का नगर की मातृ शक्तियां आरती एवं तिलक कर स्वागत कर रही है।

मातृ शक्तियां निमंत्रण लेकर पहुंचने वाले भक्तों को अपना खूब आशीष बांट रही है। माताओं का कहना है कि हम सौभाग्यशाली हैं जो हमें भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण एवं श्रीराम जन्मभूमि के पवित्र व पूजित अक्षत प्राप्त हो रहा है। श्री हनुमन्त महाराज मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख पवन गुप्ता एवं सतीष खंडेलवाल, शंकर खंडेलवाल ने बताया कि श्री हनुमन्त महाराज के प्राण प्रतिष्ठा के समय उनका अभिषेक देश के पावन तीर्थों के जल से किया जाएगा।

नगर की मातृ शक्तियों को कलश यात्रा तथा 21 जनवरी को भगवान श्री हनुमन्त महाराज के नगर भ्रमण एवं शोभायात्रा को लेकर विशेष रूप से निमंत्रित किया जा रहा है। अयोध्या से आए भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम जन्म भूमि से पूजित होकर आए पीला अक्षत को पाकर नगर की माताएं व बहनें भावविभोर होकर आमंत्रण स्वीकार कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि हम भाग्यशाली हैं जो आज भगवान श्रीराम लला का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की खुशी देख पा रहे हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे दो दिन होगा सीजर आपरेशन

## स्वास्थ्य सुविधायें बढ़ने से क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

(देवेश सोनी)

छुईखदान(दावा)। लगातार छेत्र मे होने स्वास्थ्य समस्याओं के निराकरण के लिए जनमानस मे अपना स्थान बनाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने आम जनो को सवास्थ्य परेशानी को दूर करने मे परचम लहराया है।

मिली जानकारी अनुसार 16 जनवरी दिन मंगलवार को सरकारी अस्पताल छुईखदान मे गर्भवती महिला बिलकिस बानो जौजे आरिफ खान ग्राम मानपुर का सफल सीजर ऑपरेशन कर 4 किलो 600 ग्राम के नवजात शिशु का स्वस्थ एवं सुरक्षित प्रसव कराया गया। वर्तमान में जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं उक्त महिला का पहला बच्चा भी ऑपरेशन से हुआ था एवं दूसरे के समय अवधि पूर्ण होने के पश्चात कुछ कॉम्प्लिकेशन और हाई रिस्क होने के कारण उनका ऑपरेशन किया गया ऑपरेशन डॉक्टर अजीत राडेकर द्वारा किया गया टीम में डॉक्टर मनीष बघेल, श्रीमती नेहा



शर्मा, राकेश ठाकुर एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

ज्ञात हो कि छुईखदान अस्पताल में इस माह लगभग 25 सीजर के सफल ऑपरेशन किए गए।और अप्रैल से अब तक लगभग 350 सफल प्रसव करवाए गए है ।

### सप्ताह मे दो दिन होता है ऑपरेशन - डॉ. मनीष बघेल

इस संबंध मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डाक्टर मनीष बघेल ने बताया कि अब सप्ताह मे दो दिन सीजर ऑपरेशन होगा जिसमें मंगलवार और शुक्रवार का दिन तय किया गया है। उसके लिए मरीज को सोमवार और गुरुवार जाँच उपरांत एडमिट किया जाता है।

# मेढ़ा में रामायण सम्मेलन में उमड़े भक्तगण

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम मेढ़ा में 13 व 14 जनवरी को दो दिवसीय रामायण सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित माँ शीतला मंदिर प्रांगण में रखा गया था जिसमें बडी संख्या में ग्रामवासी व अन्य ग्राम के ग्रामिण रामकथा सुनने आये थे जो सुबह 11 बजे रात्रि 1 बजे तक निरंतर विभिन्न ने अपनी प्रस्तुति दी साथ ही दोनों दिनों में पंडवानी का भी आयोजन समिति ने रखा था जो महाभारत कथा मे दोपदी चीरहरण में पंडवानी गायिका ने सुमधुर ढंग से प्रस्तुत किया गया।

उक्त कार्यक्रम में 13 जनवरी को जनप्रतिनिधि के रूप में भाजपा के जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, मक्काटोला के प्रधान हेमलाल वर्मा व मुसरा के सरपंच कंवल निर्मलकर कार्यक्रम में शामिल हुए। रामायण सम्मेलन मे सभी मंडलियों ने व जनप्रतिनिधियों ने भी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भगवान श्री राम प्रतिष्ठा किया जायेगा तो उस दिन 22 जनवरी को सभी अपने अपने घरों में, आँगन में दीप जलाकर दुसरा दीपावली मनाने की अपील की है



### 22 जनवरी को दूसरी दीपावली का त्यौहार मनाने की अपील

साथ ही जहाँ-जहाँ मंदिरों मे साफ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता संदेश देकर भी दीप प्रज्वलित करना है सभी ने कहाँ कि यहाँ एतिहासिक पल को पाने के लिए अयोध्या धाम में 500 सालों का संघर्ष, कितनों का बलिदान, वीरता, कानूनी लडाई करते हुए वहां एतिहासिक दिन 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर में राम प्रतिष्ठा किया जायेगा जो लोगों को बडी ही बेसब्री से इंतजार है। इसी प्रकार सभी मंडलीयो ने अपनी अपनी व्याख्या प्रस्तुत किया। हरि ओम साधक परिवार आशाराम बापू के साधकों द्वारा प्रत्येक मंडलीयो को भेंट के रूप में तुलसी पौधा, ऋषि प्रसाद पत्रिका, आशाराम बापू का वाषिक कैलेन्डर दिया गया व प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन मनाने की अपील की तथा श्री योग वेदान्त सेवा समिति द्वारा निःशुल्क खीर पुड़ी वितरण किया गया आयोजन समिति द्वारा बीच बीच में सभी श्रद्धालुओं जनो के बीच जाकर चाय प्रदान करते रहें। आयोजन समिति के अध्यक्ष बी.एल.चन्द्रवंशी, संरक्षक प्रमोद वैष्णव, सचिव गणेश राम साहू ने समापन में ग्रामवासी का आभार व्यक्त किया।

# साहू समाज के युवा घर-घर बांट रहे पांच दीया

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियाँ तेज



डोंगरगांव (दावा)। संपूर्ण भारत वर्ष में 22 जनवरी को खास बनाने व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने के लिए 15 जनवरी से अनेक कार्यक्रम गांव से लेकर शहर तक किया जा रहा है और एक बार फिर से दिवाली जैसे माहौल बन रहा है. सभी अपने-अपने तरीके से भगवान श्रीराम के स्वागत सम्मान की तैयारी में जुटे हुए हैं. इसी क्रम में साहू समाज भी कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राजनांदगांव जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के युवाओं ने आज 16 जनवरी से एक विशेष पहल करते हुए डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम गुंगेरी नवागांव के प्रत्येक घर पहुंच कर 05 दीपक 22 जनवरी को भगवान श्रीरामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने अपने घर के प्रांगण में दीप प्रज्वलित कर उत्सव मनाने के लिए ग्रामीणों को निवेदन किया है. आज 16 जनवरी से शुभारंभ होकर लगातार 22 जनवरी तक राजनांदगांव जिले के विभिन्न गांवों में प्रतिदिन अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के युवाओं द्वारा पांच दीपक बांटेंगे ऐसी जानकारी दी गई है. इस पहल से साहू समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी प्रशंसा कर रहे हैं. अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के यशवंत साहू, माधव साहू, जयंत साहू, भोज कुमार साहू व घनश्याम साव मिडिया प्रभारी के द्वारा तन-मन-धन से सहयोग कर रहे हैं.

## हरडुवा में मानस गान रामायण प्रतियोगिता 20 को

राजनांदगांव(दावा)। ग्राम हरडुवा में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नव सृजन युवा मंच एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी 2024 शनिवार एवं 21.01.2024 रविवार को मानस गान रामायण कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रमुख वर्ग प्रथम पुरूस्कार 3001 रु., द्वितीय 2501 रु., तृतीय 2001 रु., चतुर्थ 1501 रु., पंचम 1001 रु., षष्टम 901 रु., सप्तम 701 अष्टम 601 नवम 501 एवं महिला वर्ग पुरूस्कार प्रथम 2501 रु., द्वितीय 2001 रु., तृतीय 1501 रु., चतुर्थ 1001 रु., पंचम 501 रु., एवं विशेष पुरूस्कार रखा गया है।

समिति के कार्यकर्ता इंद्रेश साहू, रोहित वर्मा, तोषण सिन्हा अन्य सदस्य गणों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी रोहित वर्मा द्वारा इसी क्रम ग्राम मुड़पार, बोरी, चिखली में भी आयोजन रखा गया है।

## ग्राम भटगांव में ग्रामीणों ने निकाली अक्षत कलश यात्रा

### कलश यात्रा की अगुवाई सीमा पटेल ने की



घुमका (दावा)। पूर्व सरपंच अर्जुन पटेल ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्तर प्रदेश के अयोध्या के राम जन्मभूमि में होने वाला है यहां अयोध्या से कलश व अक्षत प्राप्त हुआ है जिसे दुर्गा चौक के शिव मंदिर से शीतला मंदिर तक गांव के मुख्य मार्ग से यात्रा कराया गया।

घर-घर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया जा रहा है। बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों में अति उत्साह देखा जा रहा है। कलश यात्रा में ग्रामीण महिला, पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# शिव तांडव, कांतारा, रेट्रो, देशभक्ति व शास्त्रीय नृत्य की बच्चों ने दी प्रस्तुति

## वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने अलग-अलग राज्यों की संस्कृति की छटा बिखेरी

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के रामाटोला स्थित अजीज पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव धूम धाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि आईबी ग्रुप की डायरेक्टर तनाज अजीज, छत्तीसगढ़ फिल्मों के अभिनेता चेतन शर्मा थे।



कार्यक्रम देश राग की शुरुआत संगीत शिक्षक मुकेश मानिकपुरी के सर्वधर्म समभाव प्रार्थना से की। वार्षिक उत्सव में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। इस वार्षिक उत्सव की विशेष प्रस्तुति में शिव तांडव, कांतारा, रेट्रो जैसे डांस ने तो सबको आकर्षित किया।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति

भारत के अलग-अलग राज्यों के नृत्य के द्वारा छात्रों ने सभी राज्यों की झांकी प्रस्तुत की, इसमें मुख्यत केरल और उत्तर प्रदेश के शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों को देश राग से जोड़कर रखा। देशभक्ति नृत्य के माध्यम से शहीद संजय शर्मा, तिलक राम ठाकुर जैसे अनेक शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में कोरियोग्राफर डांस शिक्षिका वर्षा नायडू, कला शिक्षक वेदराम साहू का योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य तन्मय शर्मा ने अतिथियों व कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। सभी छात्र-छात्राओं के कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गुहा जयंती समारोह में 30 गांवों के सामाजिकजन हुए शामिल




डोंगरगांव (दावा)। श्रीराम के आश्रम सखा व परमभक्त गुहा निषादराज की जयंती निषाद समाज ने आस्थापूर्वक मनाया. जनपद क्षेत्र के ग्राम बरगांव में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय जयंती समारोह में 30 गांवों के सामाजिकजन शामिल हुए. इस मौके पर मुख्य अतिथि बतौर सम्मिलित विधायक दलेश्वर साहू ने निषादराज को अद्वितीय सदकर्मी निरूपित कर सर्वसमाज के लिए प्रेरणास्त्रोत निरूपित किया.

समारोह में जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू विशिष्ट अतिथि बतौर शामिल हुए. इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों सहित माथलडबरी सरपंच मयंक यदु व मोहड़ के भूषण देवांगन मौजूद थे. समाज के युवाओं ने विधायक व जनपद अध्यक्ष के आगमन पर रास्ते भर अगुवानी करते हुए समारोह के दौरान सामाजिक अभिनंदन किया. विधायक ने अपने उदबोधन में धर्म व समाज के विषय में सारगर्भित बातें करते हुए कहा कि सर्वसमाज में सामाजिक व्यवस्था ही जीवन का आधार है, इसी से कलियुग में भी बहु बेटियां सुरक्षित हैं. समाज से ही मानव जीवन सुरक्षित है. इस अवसर पर टीकम निषाद, पुरुषोत्तम निषाद, दुर्गा निषाद, टेकराम निषाद सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजनों की गरिमामय उपस्थिति रही.

## गिधवा में 22 को मड़ाई मेला

घुमका (दावा)। घुमका तहसील क्षेत्र के ग्राम गिधवा में प्रतिवर्ष अनुसार 22 जनवरी सोमवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक छाया रखा गया है। इसके मुख्य कलाकार छाया चंद्राकर एवं विजय चंद्राकर एवं टीम के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति देंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल, पद्मावतीपुर के165 हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का हितलाभ

खैरागढ़ (दावा)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज विकासखंड छुईखदान के ग्राम पद्मावतीपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला प्रभारी अधिकारी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव मयंक तिवारी और जिला कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा उपस्थित हुए।

### अतिथियों और अधिकारियों ने शिविर में आये हितग्राहियों से किया संवाद

अतिथियों और अधिकारियों ने शिविर में आये लोगों से संवाद किया और उन्हें योजनाओं की जानकारी दी।।इस दौरान अधिकारियों को संकल्प यात्रा का हितलाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने निर्देश दिए।। जिला प्रभारी अधिकारी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव मयंक तिवारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का पूरे राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करना और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, टीबी एवं सिकलसेल के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, केसीसी कार्ड, लैण्ड रिकार्ड को अपडेट किए जाने के साथ ही अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित सभी 132 हितग्राहियों को बधाई - विक्रांत सिंह

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पद्मावतीपुर से प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित सभी 132 हितग्राहियों को बधाई।। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा, दुर्घटना बीमा, किसान सम्मान निधि, जनधन, उज्ज्वला योजना सहित नवोदित मातृ वंदन योजना के प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित करते हुए, इसका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए जनता को प्रेरित किया।। लगातार शिविर के सफल आयोजन हेतु उन्होंने कलेक्टर और जिला प्रशासन को बधाई दी।।इसके पूर्व जिला पंचायत सभापति खम्मन ताम्रकार ने सभा को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शपथ दिलाया और सभा को सम्बोधित करते हुए पदमावतीपुर क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड और किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी दी। इस अवसर पर



0 प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित सभी 132 हितग्राहियों को बधाई - विक्रांत
0 पदमावती शिविर में आये 230 आवेदन, मौके पर हुआ निराकरण
0 शिविर में जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित हुए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा

अतिथियों ने सुपोषण किट वितरित किया और ग्राम पंचायत की ओर से प्रभात फेरी दल को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### 12 हितग्राहियों ने मेरी कहानी-मेरी जुबानी सुनाई

जिला नोडल अधिकारी प्रकाश तारम ने बताया कि संकल्प यात्रा के दौरान 12 हितग्राहियों ने 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' और समूहों के महिलाओं ने 'धरती कहे पुकार' जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 77 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। संकल्प यात्रा के दौरान छूटे हुए लोगों को भी कार्ड बनाकर दिया जा रहा है। संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।। शिविर के माध्यम से भूमि रिकॉर्ड अपडेट किया जा रहा है।

### 165 हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का हितलाभ

पद्मावतीपुर से 132 हितग्राहियों के पीएम आवास स्वीकृत हुए। वही विकसित भारत संकल्प शिविर में पीएम आवास के 5 नये हितग्राहियों को पौधा, ग्रामीण आजीविका मिशन के 2 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र, आयुष्मान कार्ड 11, कृषि विभाग से 5 किसानों को नैनों यूरिया, 5 हितग्राहियों को सुपोषण, 5 संकल्प पत्र वितरित किया गया।। जबकि शिविर में पंचायत विभाग को आवास एवं अन्य हितलाभ हेतु 150 आवेदन प्राप्त हुए, 12 आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से सिकल, शुगर, टीबी 64 ने परीक्षण कर निःशुल्क मेडिसिन वितरित किया गया।। सुपोषण किट 5 बच्चों को मातृवंदना 4 आवेदन, बैंक ने सुरक्षा बीमा 8, जीवन ज्योति 22 आवेदन, अटल पेंशन 1, जनधन खाता 6 खोले गए, कृषि विभाग ने ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन, 5 हितग्राही को नैनों यूरिया का वितरण किया गया।।वन विभाग के हर्बल उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई। खाद्य विभाग को उज्ज्वला के 16 आवेदन प्राप्त हुए। पेयजल हेतु 3 आवेदन, राजस्व विभाग को 10 आवदेन प्राप्त हुए।।प्राप्त आवेदन को निराकरण हेतु प्रक्रिया में ले लिया गया।।

### ¶जनप्रतिनिधि, अधिकारी, हितग्राही और ग्रामीण हुए उपस्थित¶

इस अवसर जिला पंचायत सभापति खम्मन ताम्रकार, जनपद सदस्य लाकेश्वर चंदेल, सरपंच जैनेंद्र जंघेल, वरिष्ठ समाजसेवी नेतराम अशोम जा जंघेल, सीताराम नेताम, अशोक साहू, गौतम जंघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि महिला समूह के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।। प्रशासन की ओर से एसडीएम रेणुका रात्रे, एसडीओपी लालचंद मोहले जिला शिक्षा अधिकारी एफआर कोसरिया, एपीओ प्रकाश तारम, उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, जनपद सीईओ जेएस राजपूत, अतिरक्त सीईओ गोपाल गिरी, बीईओ रमेन्द्र डड़सेना, बैजनाथ वर्मा सहित सभी संबन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने धान खरीदी पर ली राजस्व और उपार्जन विभागों के अधिकारियों की बैठक

**खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई कलेक्टर और जिला दण्डाधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने जिला सभाकक्ष में धान खरीदी के अवैध परिवहन को नियंत्रित करने और सुचारू खरीदी संचालन के उद्देश्य से राजस्व और धान उपार्जन विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में चेकपोस्ट और परिवहन के दौरान अवैध धान पर सतत निगरानी रखकर जप्ती की कार्यवाही करने निर्देश दिए।**



0 दण्डाधिकारी दौरा कर धान के अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही करें- कलेक्टर चन्द्रकान्त वर्मा
0 चेक पोस्ट और परिवहन के दौरान अवैध धान पर सतत निगरानी रख कार्यवाही करें- कलेक्टर

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सुचारू धान खरीदी के दृष्टिकोण से निर्देश देते हुए कहा कि दंडाधिकारी दौरा कर धान के अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही करें। आगे कहा कि चेक पोस्ट और परिवहन के दौरान अवैध धान पर सतत निगरानी रखकर जप्ती की कार्यवाही करें। बैठक में जानकारी दी गई कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ की टीम के द्वारा भण्डारपुर में 150 कट्टा और 200 कट्टा अवैध धान की जप्ती की गई। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुईखदान की टीम के द्वारा साल्हेवारा में 40 कट्टा अवैध धान की जप्ती कर कार्यवाही की गई। इस पर कलेक्टर ने कहा अंतर्राज्यीय सीमा होने के कारण सक्रियता से और अधिक कार्यवाही करें।

कलेक्टर चंद्रकांत बर्मा ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी रकबा समर्पण का कार्य शीघ्र करें। आगे कहा कि राजस्व अधिकारी निर्देशित करें और सहकारी समिति के माध्यम से 2015-16 के शेष धान बोनस की तकनीकी त्रुटि को शीघ्र दूर करते हुए, पिछले धान बोनस से वंचित किसानों को शीघ्र हितलाभ दिलाएं।

### कलेक्टर ने आगामी चार बड़े आयोजनों की तैयारी के दिये निर्देश

अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने नीडल और सर्व सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में होने वाले आगामी चार बड़े आयोजनों की तैयारी पूर्ण कर लें। इसमें 15 जनवरी को प्रधानमंत्री जनमन का मेगा कार्यक्रम, 16 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा का विशिष्ट अवलोकन, 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में विविध आयोजन तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी के संबंध में निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रस्ताव का किया गया अनुमोदन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित लक्ष्यों के भौतिक एवं वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया और यह अनुमोदित प्रस्ताव संचालनालय मछली विभाग को प्रेषित किया जाएगा।

0 कलेक्टर ने योजना अंतर्गत लक्षित हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने कहा

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत लक्षित हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जाए। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य की जलवायुवीय परिस्थितियां मछली पालन के अनुकूल है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है। किसानों द्वारा खेती-किसानी कार्य के अलावा मत्स्य पालन आय का एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि जिले को प्राप्त आबंटन से हितग्राहियों को मछली पालन विभाग द्वारा लाभान्वित कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

प्रभारी सहायक संचालक मत्स्य श्रीमती बीना गढ़पाले ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत राशि तथा राज्य शासन द्वारा 40 प्रतिशत राशि का आबंटन किया जाता है। योजनांतर्गत सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिला वर्ग को 60 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जाता है। इसके अंतर्गत मत्स्य बीज उत्पादन सर्कुलर हैचरी निर्माण, संवर्धन पोखर का निर्माण, ग्रो आउट पौंड का निर्माण, ग्रो आऊट बैंड में पूरक आहार प्रदाय, ताजा जल में बैकयार्ड सजावटी मछली पालन, छोटे आरएएस की स्थापना, पौंड बायोफ्लॉक कल्चर सिस्टम की स्थापना इनपुट सहित, जलाशयों में केज कल्चर, न्यूनतम 10 टन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज का निर्माण, प्रशीतित वाहन, आईस बाक्स मोटर सायकिल सहित, मछली वेंडिग लिए ई-रिक्शा आईस बाक्स सहित, सजीव मछली वेंडिग सेंटर, 2 टन प्रति दिन क्षमता वाले मछली चारा मिल, नाव या मोटर बोड उपलब्ध कराना, सेविंग कम रिलिफ योजना का लाभ दिया जाता है।

बैठक जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन विभाग श्री रामटेके, नोडल बैंक मैनेजर सारवेन्द्र मलिक, सफल मस्त्य पालक समलू निषाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सभी पंजीयन कार्यालयों में दस्तावेजों के रजिस्ट्रेशन की एनजीडीआरएस प्रणाली

राजनांदगांव (दावा)। राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से वर्ष 2017 से किया जा रहा है। वर्तमान में निजी सेवा प्रदाता द्वारा बीओटी पद्धति से संचालित ई-पंजीयन साफ्टवेयर के माध्यम से पंजीयन कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में ई-पंजीयन साफ्टवेयर के स्थान पर एनजीडीआरएस प्रणाली चरणबद्ध रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत मार्च 2024 के पहले तक सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस साफ्टवेयर अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा।

भारत सरकार द्वारा पंजीयन प्रणाली को और अधिक कारगर एवं सुविधाजनक बनाये जाने हेतु एनआईसी पुणे के माध्यम से एक कॉमन जेनरिक सॉफ्टवेयर एनजीडीआरएस विकसित किया गया है। जिसे राज्यों के आवश्यकता के अनुरूप कस्टमाईज किया जाकर एनआईसी के माध्यम से लागू किया जाता है। एनआईसी द्वारा केवल साफ्टवेयर उपलब्ध कराया जाता है, शेष सभी संशाधनों तथा परिचालन का दायित्व संबंधित विभाग का है। इस परियोजना में अब तक लगभग 11 राज्यों में एनजीडीआरएस प्रणाली से पंजीयन कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में पायलट रन के रूप में एनजीडीआरएस साफ्टवेयर को तीन पंजीयन कार्यालयों अभनपुर, महासमुन्द एवं धमतरी में प्रारंभ किया गया था। ई-पंजीयन प्रणाली की बीओटी अवधि समाप्ति उपरान्त अब सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस साफ्टवेयर लागू करने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा सभी प्राथमिक तैयारी की जा रही है, जिसमें हार्डवेयर उपकरणों, नेटवर्क लाईन की व्यवस्था के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एनजीडीआरएस प्रणाली के पायलट रन के दौरान तीन पंजीयन कार्यालयों में अब तक लगभग 45 हजार से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया जाकर चुका है। द्वितीय चरण में धमतरी एवं महासमुन्द जिले के पंजीयन कार्यालयों सराईपाली, बसना, पिथौरा, कुरूद एवं नगरी में 11 जनवरी 2024 से लागू किया गया है। शीघ्र ही एनजीडीआरएस प्रणाली को राज्य के सर्वाधिक व्यस्तता वाले रायपुर पंजीयन कार्यालय में लागू किया जाना है। जिसके सफल संचालन उपरान्त, आवश्यक हार्डवेयर सह-उपकरण स्थापन कर शेष सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस प्रणाली लागू की जाएगी। एनजीडीआरएस प्रणाली में सभी राज्यों का डाटा एनआईसी के क्लाउड सर्वर में सुरक्षित रूप से संधारित होता है। केन्द्रीय रूप से डाटा संधारित होने से वेबसाईट के माध्यम से कहीं से भी सुरक्षित आईडी-पासवर्ड के माध्यम से सभी प्रकार की आवश्यक रिपोर्ट प्राप्त करने की सुविधा है। एनजीडीआरएस साफ्टवेयर के क्रियान्वयन से पंजीयन प्रक्रिया सरलीकृत होने के साथ ही पंजीयन में लगने वाले समय में भी कमी आयेगी। राजस्व विभाग के भू-अभिलेख, ई-स्टाम्पिंग, आयकर विभाग, ई-चालान व बैंकिंग प्रणाली से जुड़े होने से विभिन्न प्रकार की व्यावहारिक सहूलियतें होंगी।

एनजीडीआरएस प्रणाली में आधार एवं पैन वेरिफिकेशन का प्रावधान कराये जाने की कार्यवाही भी शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है। पंजीयन शुल्क ऑनलाईन जमा करने की सुविधा हेतु बैकों से इंटीग्रेशन की कार्यवाही भी शीघ्र ही पूर्ण कर ली जाएगी। पक्षकारों को पंजीयन कार्यालय में कम से कम समय लगे एवं सुविधाजनक रूप से पंजीयन कार्य संपादित हो इसके लिए एनजीडीआरएस प्रणाली का सरलीकरण किया गया है।

एनजीडीआरएस प्रणाली में राजस्व विभाग के साथ इंटीग्रेशन किया गया है। जिसके तहत पंजीयन के दौरान अचल संपत्ति के खसरा नम्बर से स्वत्व की रीयलटाईम जांच करने का प्रावधान है। पंजीयन के उपरान्त नामांतरण की कार्यवाही के लिए आवश्यक जानकारी राजस्व विभाग के पोर्टल में ऑनलाईन प्रेषित किये जाने का प्रावधान है। एनजीडीआरएस प्रणाली में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पक्षकार अथवा उसके प्रतिनिधि द्वारा प्रथम बार वेबसाईट https://www .ngdrs.cg .gov .in /NGDRS_CG के सिटीजन पार्ट में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त सिटीजन लॉगिन कर ऑनलाईन उपलब्ध फार्म में पक्षकारों तथा संपत्ति विवरण को भरने पर स्वतः बाजार मूल्य, स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन शुल्क की गणना हो जाती है। इसके उपरान्त पक्षकारों द्वारा पंजीयन हेतु सुविधानुसार समय एवं तिथी का चयन कर स्वेच्छापूर्वक अपान्टमेंट लिया जाकर निर्धारित तिथि में पंजीयन कार्यालय में उपस्थित होकर मूल दस्तावेज प्रस्तुत किया जाएगा।

## पेज 1 का शेष...

*0 भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई राजग....*

राम राज्य का संदेश बताया. उन्होंने कहा कि केंद्र की पिछली सरकार ने कथित तौर पर परियोजनाओं को रोका, लटकाया और भटकाया, जिससे देश को भारी नुकसान हुआ. उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार राम राज्य के समान संसाधनों के इष्टतम उपयोग पर विशेष ध्यान दे रही है. 'तिरुवल्लुवर दिवस' को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने महान तमिल संत को उद्धृत किया और कर एकत्र करने में राजस्व अधिकारियों की भूमिका को रेखांकित किया जिससे लोकतंत्र में लोगों का कल्याण हुआ.

इसके पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने श्री सत्यसाई जिले के लेपाक्षी में स्थित ऐतिहासिक वीरभद्र मंदिर में मंगलवार को पूजा-अर्चना की. जटायु की भूमिका के कारण इस मंदिर का राम कथा में विशेष महत्व है.

प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक छह दिन पहले मंदिर में विशेष पूजा की. प्रधानमंत्री ने महाकाव्य रामायण पर आधारित एक कठपुतली शो भी देखा जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता और रावण को दर्शाया गया. प्राचीन लेपाक्षी मंदिर परिसर अपनी पौराणिक भव्यता के लिए प्रसिद्ध है और इसमें भगवान शिव, विष्णु, पापनाथेश्वर, रघुनाथ, राम और अन्य देवताओं को समर्पित मंदिर भी हैं.

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अयोध्या स्थित राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं और इस अवधि के दौरान मंदिर में आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने माना कि देश में राम भक्ति का माहौल व्याप्त है. मोदी ने कहा कि भगवान राम सामाजिक जीवन में सुशासन की मिसाल हैं और वह एनएसीआईएन के लिए प्रेरणास्रोत हो सकते हैं, जिसकी भूमिका देश को एक आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र देने की है. प्रधानमंत्री ने कहा, ''एनएसीआईएन की भूमिका देश को एक आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की है जो देश में व्यापार और व्यवसाय को आसान बनाएगा.%%

नीति आयोग द्वारा जारी एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के प्रयासों से पिछले नौ वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है. इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया.

*0 महाराष्ट्र अयोग्यता विवाद- नार्वेकर के फैसले के खिलाफ याचिका...*

दल से संबंधित विधायकों के बहुमत को जीतकर दलबदल की बुराई को बेरोकटोक करने की अनुमति देता है। याचिका में कहा गया है कि अध्यक्ष के फैसले में, इस निर्विवाद तथ्य की कोई सराहना नहीं है कि शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बने और उनकी दलीलों और उनकी जिरह में की गई स्वीकारोक्ति कि वे 21 जून 2022 से भाजपा शासित राज्यों गुजरात और असम में थे।

*0 प्राण प्रतिष्ठा समारोह : मंदिर परिसर पहुंची....*

सुरक्षा में लगी अन्य एजेंसियां के जवान भी आधुनिक हथियारों के साथ मौजूद रहे। रामलला की अचल मूर्ति बुधवार की देर शाम विवेक सृष्टि परिसर से भारी सुरक्षा में राम जन्मभूमि परिसर पहुंचाई गई। अचल मूर्ति को बंद ट्रक में विराजमान कर ले जाया गया।

*0 लोकसभा चुनाव 2024 जीतने के लिए कांग्रेस....*

पार्टी तक पहुंचा सकता है। सुप्रिया श्रीनेत ने जनता के साथ awaazbharat-ki@inc.in ईमेल आईडी भी शेयर किया है और कहा है कि घोषणा पत्र के लिए कोई भी सुझाव ईमेल जरिए भेज सकते हैं। कांग्रेस का लक्ष्य इस अभियान के जरिये 90 करोड़ लोगों तक पहुंचना है।

*0 51 हजार राम चरित मानस वितरण का वर्ल्ड ....*

श्रीराम का आदर्श अधिकाधिक संख्या में प्रसारित करेंगे। आज गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स की टीम ने वितरण के पश्चात इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया। गुंडरदेही में रामचरितमानस को पूरी प्रतिष्ठा के साथ लाल कपड़े में बांधकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया। श्रद्धालुओं ने इसे सिर माथे लिया। लगभग 3000 लोगों ने मानस को सिर माथे रखकर श्रीराम के जयजयकार के नारे लगाये और पूरा माहौल राममय हो गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्रीराम की जयकार के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मैं कांकेर सांसद श्री मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूँगा। उन्हें हीरो कहूँगा, उन्होंने मानस वितरण को लेकर बहुत अच्छा काम किया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बालोद आया, आपकी आत्मीयता के लिए आपका स्वागत करता हूँ। आज यहां 173 करोड़ रुपए से अधिक राशि का लोकार्पण भूमिपूजन किया। श्री मंडावी 2002 से मानस वितरण का कार्य कर रहे हैं। आज उन्होंने 3000 प्रतियां वितरित कर 51 हजार मानस वितरित करने का का पूरा कर लिया है। इससे पहले वे 48 हजार मानस वितरित कर चुके हैं। इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मंडावी ने अपना ही नहीं, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने 51 हजार परिवारों में मानस पहुंचाने का काम किया है। साथ ही हर घर तुलसी चौरा हो, इसके लिए भी उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित किया है। यह बहुत अच्छा काम है। राम चरित मानस के वितरण से बेहतर समाज के निर्माण की दिशा तय होती है। इस महती कार्य के लिए श्री मंडावी को बधाई देता हूँ। यह कार्य ऐसे शुभ समय में हो रहा है जब 22 तारीख को अयोध्या धाम में श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने वाली है। चारों ओर उत्सव का माहौल है। मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक मंदिरों में साफसफाई का काम हम लोग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है। हमने अयोध्या सुगंधित चावल भेजा है। हमारे डाक्टर भी अयोध्या गये हैं ताकि श्रद्धालुओं की सेवा कर सके। छत्तीसगढ़ में बहुत गहरी खुशी इस अवसर को लेकर है। हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने कृतसंकल्पित है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने सरकार बनते ही अठारह लाख से अधिक आवास स्वीकृत किये। सरकार बनने के अगले दिन ही हमने यह कार्य कर दिया। दो साल का बोनस भी हमने किसानों को दिया है। पीएससी 2021 में आई शिकायतों की जांच भी सीबीआई करेगी। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान हम खरीद रहे हैं। 3100 रुपए प्रति क्विंटल हम धान खरीद रहे हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं की खाते में शीघ्र ही राशि अंतरित की जाएगी। हम सभी मानस मंडलियों को सम्मानित करने का काम भी कर रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। यह हम सबके लिए गौरव का दिन है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान सांसद श्री मोहन मंडावी ने मानस वितरण का जो कार्य किया है। वो बहुत प्रशंसनीय है। मानस मंडलियों द्वारा श्रीराम के आदर्शों का जिस तरह प्रचार किया जा रहा है। वह प्रशंसनीय है। कांकेर सांसद मोहन मंडावी ने इस अवसर पर कहा कि हमने 2002 से मानस वितरण आरंभ किया। मैं शिक्षक था और यह कार्य करता था। बाद में भी पद से इस्तीफा देने के बाद काम जारी रखा। मानस के श्लोकों के साथ उन्होंने श्रीराम के आदर्शों को जनता के समक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री मंडावी ने यह निश्चय किया था कि श्री राम चरित मानस का अधिकतम प्रसार करेंगे ताकि श्रीराम के आदर्शों से लोग अधिकतम संख्या में प्रभावित हो सके। इसके बाद उन्होंने लगातार मानस का वितरण आरंभ किया। गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारियों ने कहा कि मानस के माध्यम से लोगों की जिंदगी बदलने का बड़ा काम श्री मंडावी द्वारा किया गया है जिसका हमने परीक्षण किया है और इसे दर्ज किया है।

# पुलिस का 21 से नशा मुक्ति हेतु नवा बिहान अभियान

राजनांदगांव(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा नशा मुक्ति हेतु पहल करते हुये 'नवा बिहान' अभियान का शुभारंभ 21 जनवरी से किया जा रहा है। जिसके तहत कैरियर गाइडेंस, जनजागरूकता, खेलकूद एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। 'नवा बिहान' के अन्तर्गत दिनांक 21.जनवरी को गौरव पथ में 3 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया जावेगा।

उक्त आयोजन में आमजन की सहभागिता अपेक्षित है। पुलिस प्रशासन द्वारा कहा गया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मैराथन में जुड़े। मैराथन में भाग लेने हेतु निकटतम पुलिस थाना/चौकी एवं मोबाइल नंबर 7788997611, 9827154955 पर संपर्क करें। 'नवा बिहान' के सुभारंभ के अवसर पर मैराथन का आयोजन किया जा रहा है इसमें भाग लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा लोग पंजीयन कर अभियान से जुड़े।

# तेज आवाज और रफ्तार से वाहन चलाने वाले बाइकर्स पर कड़ी कार्रवाई जरूरी - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत 15 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के संबंध में विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत एनएसएस, एनसीसी, स्काउड गाईड, महाविद्यालय, स्कूल के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण देकर उन्हें वालंटियर बनाने के निर्देश दिए। जिससे वे स्थानीय स्तर पर जनसामान्य को अच्छे से सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दे सकें।

उन्होंने यातायात और सड़क सुरक्षा के संबंध में नुक्कड़ नाटक, पाम्पलेट, बैनर, फ्लैक्स, होर्डिंग, स्कूलों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चौक-चौराहों में चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट और दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए समझाईश दिया जाए। इसके साथ ही चौक-चौराहों में हेलमेट रखने का सुझाव दिया, ताकि जनसामान्य इसका उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों से कहें कि वे अपने अभिभावकों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहने के लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए परिवहन विभाग, यातायात विभाग एवं लोक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करते हुए, ऐसे क्षेत्रों में विशेष रूप से सूचना बोर्ड लगाना एवं अन्य सावधानी तथा उपायों को अपनाने की आवश्यकता है। दुर्घटनाजन्य स्थल में स्थायी रूप से आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। जिले में दुर्घटनाजन्य स्थलों की संख्या में कमी लाएं। युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति



लाइसेंस निरस्त करने के दिए निर्देश

जागरूकता लाने के लिए माई भारत पोर्टल अंतर्गत सुरक्षा मापदंडों से अवगत कराने हेतु ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न संस्थानों द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए माई भारत पोर्टल कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों को वालंटियर बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए क्यूआर कोर्ड जारी करने के निर्देश दिए। जिससे आसानी से पोर्टल को अपलोड किया जा सके और युवाओं को यातायात और सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी मिल सके। उन्होंने स्कूल बस की स्पीड चेक करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मालवाहक और बसों की जांच करने के निर्देश दिए। जिले में तेज रफ्तार से चलाने वाले बाइकर्स और तेज आवाज वाले बाईकों की पहचान कर उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त किया जाए। दिग्विजय स्टेडियम में 22 जनवरी को में सड़क सुरक्षा के संबंध में बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे सड़क सुरक्षा के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मिल सके। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सड़क सुरक्षा के संबंध में आकर्षक झांकी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर से बाहर जाने वाले दुपहिया वाहनों का अवश्य जांच कर कार्रवाई करते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित करें।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने जिले के थानावार ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले ड्राइवर पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट राजमार्ग में चलने वाले बड़े वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण और आंख की जांच करें। जो व्यक्ति सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन निरंतर करते हैं उन्हें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सम्मानित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पिछले एक साल में जिन्होंने सड़क दुर्घटना में दूसरों का जीवन बचाया हो, चाहे वह रक्त दान कर या अस्पताल ले जाकर किया हो। ऐसे व्यक्तियों को एक अच्छे सामाजिक नागरिक होने का दायित्व निभाने के लिए और दूसरों की जान बचाने के लिए सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएसएस, एनसीसी और स्काउड गाईड के विद्यार्थियों को वालंटियर बनाने कहा। यातायात में अच्छा काम करने वालों की व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो शेयर करें। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले में किये जाने आयोजनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन और यातायात पुलिस का संयुक्त जागरूकता प्रचार-प्रसार होगा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एलआईसी के माध्यम से वाहन बीमा के संबंध में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। ट्रैफिक रोड सिग्नल साईन एवं यातायात नियमों की जानकारी मॉडल के माध्यम से दिया जाएगा। प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण संजीवनी 108 के माध्यम से गुडसेमेरिटन एवं ट्रेफिक वार्डनों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के लिए जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। बैठक में पुलिस विभाग, यातायात विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम के अधिकारी एवं दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे।

## शोकाकुल परिवार से मिले खुज्जी विधायक भोलाराम साहू दी सांत्वना

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया क्षेत्र के ग्राम लाटमेटा निवासी प्यारे लाल निषाद के सुपुत्र लक्ष्मण कुमार निषाद का बीते दिन मे घुपसाल में सड़क दुर्घटना हो गया था उनको तत्काल मेडिकल कालेज राजनांदगांव में एडमिट किया गया था, इलाज के दौरान रात को निधन हो गया। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू घर पहुंचकर इस दुख के घड़ी में परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया और कुछ राशि सहयोग किया और आगे भी सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर साथ में जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के महामंत्री नरेश शुक्ला, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू, शरद चंद्राकर, ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## उद्यमिता जागरूकता एवं नवाचार विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान आयोजित

**डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 12 जनवरी को प्रभारी प्राचार्य डॉ ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा उद्यमिता जागरूकता एवं नवाचार विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बी.आई.टी कॉलेज दुर्ग से सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रेवती द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर किया गया।**

डॉ. चक्रवर्ती ने अपने व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता विषय पर प्रकाश डालते हुए भारत एवं विदेशों के सफल उद्यमियों के संघर्षपूर्ण जीवन के बारे में जानकारी दीं एवं छात्र-छात्राओं को उद्यमिता की ओर अभिप्रेरित किया। उन्होंने बताया वर्तमान युग आधुनिकीकरण एवं मशीनीकरण का युग है जिसके कारण





सफल उद्यमी बनने डॉ. चक्रवर्ती ने दिये टिप्स

प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के अवसर समाप्त होते जा रहे हैं। अतः आज के समय में स्वरोजगार हेतु उद्यमिता की ओर आगे बढ़ना आवश्यक है। व्याख्यान के दौरान डॉ. चक्रवर्ती ने बताया की एक सफल उद्यमी में कौन-कौन से स्किल होना चाहिए एवं किन सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक जी.के.यादव, बेदप्रकाश साहू, ज्योति साहू, तूलिका चक्रवर्ती, संध्या दुबे सहित बी.कॉम. एवं पीजीडीसीए के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहा.प्राध्या. जी.के.यादव एवं आभार प्रदर्शन बेदप्रकाश साहू ने किया।

## मछली पालन करने वाले लोगों के लिए किया जा रहा विभिन्न योजनाओं का संचालन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा मछली पालन करने वाले लोगों के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रभारी सहायक संचालक मत्स्य श्रीमती बीना गढ़पाले ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिसके लिए निर्धारित आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। प्राप्त आवेदन पत्रों पर कार्रवाई ''प्रथम आओ प्रथम पाओ'' पर आधारित होगी। योजना से जुड़े अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि योजनाओं के अंतर्गत नए मीठे पानी की फिश हैचरी की स्थापना, नवीन पालन तालाब नर्सरी व बीज पालन का निर्माण, नवीन ग्रो आउट तालाबों का निर्माण (स्वयं की भूमि में नवीन तालाब निर्माण), मीठे जल जलकृषि के लिए निवेश इनपुटस जिनमें कम्पोजिट मछली कल्चर, स्कैम्पी, पंगेसियस, तिलापिया आदि शामिल है, ताजा जल में बैक्यार्ड सजावटी मछली पालन इकाई, मध्यम स्केल सजावटी मछली पालन इकाई (मीठे जल की मछली), एकीकृत सजावटी मछली इकाई (ताजा जल की मछली के लिए प्रजनन और पालन), बड़े आरएएस की स्थापना न्यूनतम 90 मीटर क्यूबिक, टेंड क्षमता और मछली उत्पादन 40 टन, फसल के 8 टेंकों के साथ एवं बायोफ्लोक कल्चर सिस्टम (4 मीटर व्यास और 1.50 मीटर ऊंचाई के 50 टेंक, छोटे आरएएस की स्थापना 100 मीटर क्षमता के 1 टेंकों के साथ बायोफ्लोक कल्चर सिस्टम (4 मीटर व्यास और 1.5 मीटर ऊंचाई के 7 टेंक), जलाशयों में पिंजरों (कलचर) की स्थापना, सजीव मछली वेंडिंग केन्द्र, जलाशयों में फिंगरलिंग का संग्रहण, बायोफ्लॉक का निर्माण, मछली पकडने के प्रतिबंध या लीन अवधि के दौरान मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के लिए सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण संबंधी सहायता दी जाएगी।

## शिक्षा मंत्री से संयुक्त शिक्षक संघ ने किया सौजन्य मुलाकात

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक प्रांताध्यक्ष केदार जैन के नेतृत्व में सोमवार को स्कूल शिक्षा मंत्री बृज मोहन अग्रवाल के निज निवास मे पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिवादन करते हुए सौजन्य मुलाकात कर शिक्षक एल.बी. संवर्ग के लंबित समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया जिसमे प्रमुख रूप से पदोन्नत सहायक शिक्षकों के पदस्थापना संशोधन आदेश को यथावत रखते हुए संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा गत वर्ष सहायक शिक्षक एल बी से शिक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

पश्चात पदोन्नत शिक्षकों को आवेदन के आधार पर पदस्थापना में संशोधन किया गया जिसे राज्य स्तर पर तत्कालीन द्वारा अनुचित मानते हुए निरस्त कर दिया गया। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा इसे शासन स्तर पर शिक्षकों के आवेदन के आधार पर निराकरण करने का आदेश देते हुए पदोन्नत शिक्षकों को संशोधित संस्था में यथावत रखने का अंतिम राहत दिया गया पदोन्नत शिक्षक संशोधित संस्था में कार्यभार ग्रहण कर लगातार कार्य कर रहे थे संस्था में रिक्त पद होने के



कारण ही उन्हें पदस्थापना दिया गया।

ऐसी स्थिति में पदोन्नत शिक्षकों के संशोधन यथावत रखना ही उचित एवं न्याय संगत होगा जिसका संघ ने मांग किया, लंबित 4ः मंहगाई भत्ता जुलाई 2023 नियत तिथि से प्रदान कर आदेश प्रसारित करने व पुरानी पेंशन शिक्षक एल.बी.संवर्ग को एन.पी.एस. अप्रैल 2012 से प्रदान किया गया हैं राज्य के शासकीय सेवकों एन.पी.एस. तिथि से पुरानी पेंशन प्रदान किया जा रहा हैं जबकि शिक्षक एल.बी. संवर्ग संविलियन तिथि जुलाई 2018 से प्रदान किया जा रहा हैं जो कि अन्याय पूर्ण है।

अतः शिक्षक एल.बी.संवर्ग को शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति से पुरानी पेंशन प्रदान करने, एवं शिक्षक एल.बी. संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा का लाभ व पदोन्नति के अंतर्गत शिक्षक एल.बी. संवर्ग को उनके शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर शिक्षा विभाग में निहित लाभ वेतन विसंगति दूर कर एक्रमोन्नति, पदोन्नति, पुरानी पेंशन, राज्य स्तर पर शिक्षक से व्याख्याता एवं व्याख्याता से प्राचार्य की पदोन्नति लंबित हैं, जबकि जिला स्तर पर प्रधान पाठक प्राथमिक एवं संभाग स्तर पर शिक्षक तथा प्रधान पाठक माध्यमिक की पदोन्नति हो गई हैं।

राज्य स्तर पर पदोन्नति नही होना सम्बंधित पात्र शिक्षकों के साथ अन्याय हैं, जिसे दृष्टिगत रखते हुए तत्काल व्याख्याता एवं प्राचार्य के पद पर पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण कर आदेश जारी करने आदि विषय पर संघ की ओर से मांग किया। इस अवसर प्रांताध्यक्ष केदार जैन प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरिजा शंकर शुक्ला एवं पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे हाटबंजारी, चारभाठा कु.कुल्हाड़ी गुहा जयंती और लोकार्पण समारोह में

**राजनांदगांव(दावा)। छुरिया ब्लॉक के ग्राम हाटबंजारी, चारभाठा, कु. कुल्हाड़ी में गुहा निषाद जयंती एवं लोकार्पण समारोह में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू गुहाराज निषाद जयंती में पहुंच कर जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि निषादराज गुहा मछुवारो और नाविकों के राजा रहे ।**

उनका ऋग्वेरपुर में राज था, उन्होंने प्रभु श्री राम को गंगा पार कराया था। वनवास के बाद श्री राम ने अपनी पहली रात उन्ही के यहां बिताई थी। श्रीग्वेरपुर में इंदुगी (हिंगोट) का वृक्ष है जहां बैठकर प्रभु ने निषादराज गुहा से भेट की थी।

श्री राम को जब वनवास हुआ तो वाल्मीकि रामायण और शोधकर्ताओं के अनुसार वे



सबसे पहले तमसा नदी पहुंचे जो अयोध्या से 20 की. में दूर है। इसके बाद उन्होंने गोमती नदी पार की ओर प्रयागराज (इलहाबाद) से 20-22 किलोमीटर दूर वे श्रृंगवेरपुर पहुंचे, जो निषादराज गुहा का राज्य था। यही पर गंगा पार करने को कहा था। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के महामंत्री नरेश शुक्ला, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा पूर्व पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के सदस्य, जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू, महिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पुष्पा सिन्हा,देव पेंद्रो, ओमकार पड़ोती, जयपाल यादव, सूरज साहू, नरेश निषाद, ऊभेराम साहू, समाज प्रमुख ग्रामवासी, क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## स्वयं-भू लिंगेश्वर में गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहित करेंगे भव्य दीप यज्ञ





○ मंदिर में श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व श्री शिव महापुराण की हो रही भव्य तैयारी
○ गायत्री शक्ति पीठ में पूजा-अर्चना की रहेगी धूम... पुरोहितों की बढ़ी मांग

**राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का पूरी देश-दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रचार हो रहा है। जगह-जगह पूजित अक्षत वितरण सहित प्रभात फेरी-रामधुनि गायन-वादन यात्रा से पूरा माहौल को राममय बना हुआ है।**

इस क्रम में स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर जहां 24 हजार गायत्री मंत्र अखंड जाप, यज्ञायोजन व दीप यज्ञ सहित विभिन्न संस्कार सम्पन्न किया जाने का आयोजन किया गया है। वही 21 जनवरी को स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर मंदिर भांठागांव (भेड़ीकला-गठुला) में दीप यज्ञ तथा 22 जनवरी को भगवान स्वयं भू-लिंगेश्वर भोलेनाथ के आराध्य भगवान श्रीराम की पूजा-आरती रामायण पाठ सहित राम-नाम के मंत्र जाप का आयोजन किया गया है।

मंदिर के पुजारी बाबा बिजेन्द्र वितरागी ने बताया कि मंदिर में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन की भव्य तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वयं-भू लिंगेश्वर मंदिर में साक्षात नाग देवता फन फैलाए दौड़े चले आते है और स्वयं-भू लिंगेश्वर में लिपट कर अटखेलियां करते है। वे स्वयं भी नाग देवता के साथ अट खेलियां करने में लग जाते है। मंदिर में प्रायः विचरण करने वाले नागदेवता व भागवान स्वयं-भू-शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता रहता है।

पूजन-अर्चन की रहेगी धूम

गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में भव्य तैयारी की जा रही है। इधर श्रीराम लला जी से सम्बंधित जगह-जगह पूजन अर्चन का आयोजन होने के चलते मंदिर के पुरोहितों की मांग बढ़ गई है। 22 को कोपेड़ीह में प्रज्ञापुराण, पांच कुण्डीय महायज्ञ व दीपयज्ञ का आयोजन है। इसी तरह भांठागांव स्वयं-भू-शिव लिंगेश्वर मंदिर में दीप यज्ञ से लेकर श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा से सम्बंधित विभिन्न पूजा-अनुष्ठानिक कार्यक्रम सम्पन्न किये जाएंगे।

इस क्रम में महाराष्ट्र के तिरोड़ा लिए प्रज्ञा पुराण सहित पांच कुण्डीय गायत्र महायज्ञ करने राजनांदगांव से पुरोहितों की टोली निकल गई है। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी सूर्यकांत चिंतलाग्या व उप-ट्रस्टी बृजकिशोर सूरजन ने श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से सम्बंधित पूजा-अर्चना यज्ञ-अनुष्ठान के आयोजन में सभी धर्मप्रेमियों को सम्मिलित होने की अपील की है।

## छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के शपथ ग्रहण में गवाह बने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोधी समाज के शपथ ग्रहण को ऐतिहासिक शपथ ग्रहण कहा। आगे श्री साय ने कहा कि देश की आजादी में लोधी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।अपनी कर्मठता के कारण लोधी समाज निरंतर आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण के बाद समाज के नवीनतम जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु लोधी ने छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अतिथियों एवं लोधी समाज के सभी जिला अध्यक्षों एवं सभी सर्किल अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। वहीं जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्षों ने भी नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को साल, श्री, फल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के शपथग्रहण एवं अतिथि सम्मान समारोह पथरिया जिला मुंगेली में दिन रविवार 14 जनवरी को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अतिविशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव कार्यक्रम के अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, राष्ट्रीय







कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी सहित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

अध्यक्ष लोधी समाज विधायक एटा उत्तरप्रदेश, विशिष्ट अतिथि धर्म लाल कौशिक विधायक बिल्हा, विधायक पुन्नूलाल, विधायक यशोदा वर्मा, विधायक भावना बोहरा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा पहुंचे।

### दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

मुख्यमंत्री श्री साय ने दीप प्रज्वलित कर वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष घनश्याम वर्मा , महासचिव घनश्याम कौशिक, संगठन मंत्री जीवन कौशिक, कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, अंकेक्षक विमल पटेल सहित समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्वागत पगड़ी एवं गज माला पहनाकर प्रतिक चिन्ह तलवार, स्मृति चिन्ह, शाल, श्री फल भेंटकर किया। साथ ही सभी अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल, भेंटकर किया। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री साव, राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने भी संबोधित किया।

### एक एकड़ भूमि व एक करोड़ की मांग

लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के लिए नया रायपुर में एक एकड़ जमीन और एक करोड़ की मांग करते हुए कहा कि हमारे समाज के लोग छत्तीसगढ़ के साथ-साथ उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में बहुतायत में निवास करते हैं।

# श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा के लिये दुल्हन की तरह सज रही संस्कारधानी



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की खुशी में संस्कारधानी नगरी दूल्हन की तरह सज रही है। जगह-जगह भगवा व लाल रंग वाली झंड़िया व तोरण द्वार लगाए जा रहे है वही चौक-चौराहो को भगवान श्रीराम से सम्बंधित बैनर-पोस्टरों से पाट दिया गया है। महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में बाल श्रीराम की मनोमुग्धकारी कटआउट शोभायमान हो रहा है वही मंदिर रंग-बिरगी रौशनी लिए विद्युत झालरों से जगमगा रहा है। मंदिर के शिखर व आसपास में जै-श्री राम लिखे भगवा ध्वज शान से लहरा रहे है। इसी तरह शहर के विभिन्न चौक चौराहो को झंडी-मुंडी से सजाकर भगवान श्रीराम के बैनर पोस्टर व आकर्षक कटआऊट लगाए जा रहे है। इससे संस्कारधानी नगरी की छवि श्री राम लला जन्म स्थान अयोध्या जैसी होते जा रही है।

**जन-जन में बिखरा उल्लास... दुकानों में भगवा झंडा की बढ़ी मांग... श्री रामलला से संबंधित स्टीकर, बैंड, हल्दी, कुकुम, मेहदी, चूड़ी, मूर्तिया सहित की जा रही अन्य चीजों की खरीदारी**

### जन-मन में बिखरा उल्लास

बता दे कि 500 वर्षों से अधिक श्रीराम जन्म भूमि उद्धार के संघर्ष के लिए हजारों की संख्या में सनातन धर्मियों द्वारा अपनी प्राणों की बलि देने के बाद 22 जनवरी को हिन्दूओं के आराध्य भगवान राम को अयोध्या में भव्य मंदिर मिलने जा रहा है। जहां 22 जनवरी को भगवान श्री राम लला की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। इसे लेकर देश व दुनिया भर के हिन्दूओं व सनातन धर्मियों में उल्लास व उत्साह का वातावरण बना हुआ है। उक्त महोत्सव को लेकर रोजाना कोई न कोई कार्यक्रम हो रहे है। पूजित अक्षत वितरण से लेकर प्रभात फेरी रामधुनी गान, चरण पादूका पूजन, कलश यात्रा, रैली आदि की धूम बनी हुई है। धार्मिक जन 22 जनवरी के दिन भगवान श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर व्रत उपवास पूजन-अर्चन व अपने घरों की साज-सज्जा से लेकर आनंद उल्लास की पूरे दिल व मनोमयता के साथ मनाने की तैयारी में जुट गए है।

श्रीराम लला, प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को धूम-धाम से मनाने की तैयारी में लोग जुट गए है। इसके तहत जहां नए वस्त्रों से लेकर भगवा परिधान जै श्रीराम अंकित ध्वजा, भगवा झंडे के अलावा पूजन-सामग्री यज्ञ हवन की चीजे भगवान श्रीराम लला के चित्र अयोध्या मंदिर के माडल व अन्य चीजों की खरीदी की जा रही है वही उस दिन के लिए लोग व्रत उपवास के लिए तैयारी कर रहे है। भगवान श्री राम के प्राण-प्रतिष्ठा अवसर को पूरे विधान के साथ हर्षोल्लास से मनाने महिलाए भी पीछे नहीं है। महिलाए व युवतियां बाजार में जाकर श्रीरामलला से सम्बंधित स्टीकर, बैंड, हल्दी, कुकुंम, घर आंगन को सजाने के लिए रंगोली हाथ में अन्य चीजों की जमकर खरीदी कर रही है। इससे बाजार गुलजार हो उठा है। इधर श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा के दिन घर-घर दीपावली मनाए जाने के आह्वान से कम्हारों के पास दीयों की मांग बढ़ गई है। बताया जाता है कि दीपावली से ज्यादा दीये के आर्डर है। इसी तरह हार-फूल वालों के पास फूल मालाओं की पहले से ही बुकिंग हो गई है। इसके चलते उन्हें कलकता आदि जगहों से बड़ी मात्रा में फूल मंगवानी पड़ रही है।

# कोचियों की धर-पकड़ से मंडी में नहीं आ रहा धान.... पसरा सन्नाटा

### प्रशासन की सख्ती का मंडी में दिखने लगा असर... मिलर्स मिलिंग में मस्त

राजनांदगांव (दावा)। धान खरीदी की कीमत 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल व किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल किए जाने से सोसायटियों में यहां-वहां के धान खपाने के लिए कोचिए-दलाल सक्रिय हो गए है। इसके चलते धान खरीदी केन्द्रों में धान आवक बढ़ गई है। लेकिन उठाव में रफ्तार नहीं होने से केन्द्रों में जाम के संकट से निजात नहीं मिल रहा। इसे देखते हुए प्रशासन ने यहां वहां से धान खरीद कर केन्द्रों में धान बेचने वाले कोचिए दलालों की धर-पकड़ शुरू कर दी है। जानने में तो यहां तक आ रही है कि दलाल महाराष्ट्र से सस्ती में धान खरीद कर छत्तीसगढ़ में 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल बेचकर अच्छा लाभ कमा रहे है। इस पर प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जाने का सीधा असर मंडी की आवक पर पड़ रही है। इसी तरह व्यापारियों से मंडी टैक्स ज्यादा वसूले जाने से भी मंडी में आवक की कमी देखी जा रही है। इस तरह देखा जाए तो बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में आवक घट गई है। मंडी के एक अड़तिए ने बताया कि 17 जनवरी बुधवार को बा मुश्किल दो-ढाई सौ कट्टा धान आया। इसने कम धान से क्या रेजा हमालों को कितना काम मिल पाएगा। उतने से मंडी से बड़ी मात्रा में धान उठाने वाले व्यापारियों का काम भी नहीं चल सकता है। उन्होंने बताया कि हालांकि मिलर व्यापारी मिलिंग का धान उठाकर लाभ कमा रहे है लेकिन मंडी के रेजा हमाल तौलेए व अन्य कर्मचारियों के लिए मंडी में कम धान आना परेशानी का कारण बना हुआ है।

बता दे कि मंडी व्यापारी कांग्रेस शासनकाल के 5 प्रतिशत मंडी टैक्स से परेशान है। मंडी टैक्स कम कर ने व्यापारियों ने तात्कालीन कांग्रेस सरकार के समक्ष गुहार भी लगा चुके है इसके बाद भी मंडी टैक्स कम नहीं हुआ। टैक्स कम करवाने व्यापारीगण अब भाजपा सरकार के पास जाने की तैयारी कर रहे है। मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष कमल गांधी ने बताया कि मंडी टैक्स ज्यादा होने की वजह से व्यापारी माल खरीदने में रूचि नहीं दिखा रहे। इसके चलते भी मंडी में आवक कम बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री रामविचार नेताम से इस संबंध में बात हुई है। आने वाले दिनों में मंडी टैक्स कम करने के लिए व्यापारी जन उनसे मिलने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में पोहा मिल ज्यादा होने की वजह से दुर्ग-धमतरी, बालोद, कवर्धा आदि से धान की बहुत ज्यादा आवक होती है लेकिन जिलों में धर-पकड़ अभियान के चलते मंडी में धान आना कम हो गया है। मंडी में सन्नाटा पसरा नजर आता है।

# आज राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा बाइक में भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिती ने शहर के 51 वार्डों में बसे लगभग 52000 सनातनी परिवारों तक रामपूजित अक्षत एवं अयोध्या से आए पत्रकों को समर्पित कर पूरे शहर में शानदार राममय माहौल बना दिया है।

इस संबंध में प्रेस वार्ता लेते हुए समिति के जिला अध्यक्ष नीरज बाजपेई, शहर अध्यक्ष योगेश बागड़ी ओम प्रकाश अग्निहोत्री, प्रशांत सोनी, कमल सोनी, बजरंग दल के अरुण गुप्ता, अमित खंडेलवाल ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में सभी सनातनियों के आराध्य देव प्रभु श्रीरामजी की प्राण प्रतिष्ठा का समय अब आ गया है। शहर की गठित सभी बस्तियों में, सभी समाज के अपने सामाजिक भवनों में एवं बस्ती में स्थित मंदिरों में सभी सनातनी इस बहुप्रतीक्षित तिथि में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को जोर-शोर से मनाने की तैयारी में जुटा हुआ है।

राम मंदिर कैलाश नगर एवं मिलचाल सहित महावीर चौक हनुमान मंदिर, पाताल भैरवी, शीतला मंदिर बालाजी मंदिर पुराना गंज चौक, मोतीनाथ मंदिर भरकापारा, काली माई मंदिर, पाटीदार समाज सहित विभिन्न बस्तियों में स्थित हनुमान जी के मंदिरों इत्यादि में 22 तारीख को सुबह से ही भारी संख्या में भक्तजन जुटकर भजन कीर्तन करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं अन्य को शुभ मुहूर्त में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने की तैयारी कर रहें है। प्रत्येक वार्ड में यह उत्सव ऐतिहासिक रहे इसके लिए समिति आज गुरुवार दोपहर 2 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से एक बड़ी बाइक में शोभायात्रा निकाल रही है। महेश्वरी भवन में सर्वसमाज की एक बैठक कल इस बाबत संपन्न हुई। सभी समाज के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी कि हमारे समाज के सभी स्त्री पुरुष विशेष कर बहनें इस बाइक शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल होने वाले हैं। इस बाइक शोभायात्रा में भारी संख्या में सनातनी बहनें केसरिया साफा पहन डीजे की रामधुन में सबसे आगे रहेंगी वहीं पीछे माताएं एवं भाई बंधु रामजी के तैलचित्र के साथ रामधुन गाते हुए शहर के अधिकांश हिस्सों में पहुंचकर 22 जनवरी को फिर से एक बार दिवाली मनाने का अनुरोध करेंगे। शोभा यात्रा हेतु शहर के मार्गो को सजा दिया गया है पूरा शहर भगवामय नजर आ रहा है।

पूरे शहर का विचरण कर शोभायात्रा वापस महावीर चौक हनुमान मंदिर में समाप्त हो जावेगी तत्पश्चात जोर-शोर से डीजे की धुन में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा तत्पश्चात प्रसादी का वितरण समिति द्वारा किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने समस्त सनातनी भाई बहनों से अनुरोध किया है कि 500 से ज्यादा वर्षों के संघर्ष के बाद जो यह ऐतिहासिक अवसर आया है उसमें शामिल होकर इतिहास बना देना है। हजारों की संख्या में भक्तगण सुबह 6:30 बजे अपनी अपनी बस्तियों में 40 से अधिक स्थानों में प्रभात फेरी निकाल रहा है स्पीकर, ढोल नगाड़ा एवं विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ सभी भक्तगण भगवान राम का भजन करते हुए बड़े आनंद एवं श्रद्धा से पैदल ही प्रभात फेरी निकाल रहे हैं। समिति के सदस्यों ने प्रशासन के अनुरोध पर भक्तों से यह अनुरोध किया है कि पूरी तरह संयमित होकर एवं निर्धारित मार्ग पर ही यह शोभायात्रा को संपन्न करेगें। 20 जनवरी शनिवार को इसी स्थान से दोपहर 2 बजे पैदल ही विशाल राम रथ शोभायात्रा समिति द्वारा निकाली जावेगी। 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखते हुए समस्त सनातनी उस दिन फिर से एक बार दिवाली मनायें ऐसा आग्रह समिति के सदस्यों ने किया है।

# महादेव के त्रिशुल में भ्रष्टाचार का पाप कर रहीं महापौर-किसुन



राजनांदगांव (दावा)। मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक किए जाने और वहां त्रिशुल की स्थापना को लेकर महापौर हेमा देशमुख की रीति-नीति ने भ्रष्टाचार की नई गाथा लिखी है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि ये दुर्भाग्य है कि संस्कारधानी में प्रभु महाकाल के नाम पर कांग्रेसियों ने भ्रष्टाचार का कलंकित इतिहास लिखने की कोशिश की है।

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि महापौर हेमा देशमुख स्वीकार कर रहीं हैं कि उन्होंने एल्डरमेन निधि से 20 लाख के त्रिशुल निर्माण का ऑर्डर दिया था। अब इसके लिए 12 लाख रुपए महापौर निधि से खर्च किए जाने की तैयारी है। आश्चर्यजनक है कि, निगम ने अब तक इसके लिए प्रक्रिया ही शुरु नहीं की है। त्रिशुल निर्माण और स्थापना के न ही टेंडर जारी किया है और न ही कोई वर्क ऑर्डर हुआ है। इससे स्पष्ट है कि, टेंडर बुलाए जाने के पहले ही महापौर के इशारे पर चहेते ठेकेदार को काम सौंप दिया जाता है और इसमें लाखों - करोड़ों का भ्रष्टाचार अब तक होता रहा है। महादेव के त्रिशुल जैसी सनातन से जुड़ी धार्मिक भावनाओं की आड़ में भी महापौर हेमा देशमुख की कुनीति और भ्रष्टाचार ने सीमाएं लांघ दी हैं। वे पाप की भागीदार हैं। महादेव के त्रिशुल को लेकर भी नेता प्रतिपक्ष ने गंभीर सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि बताया गया था कि, त्रिशुल कांस्य धातु से बनाया जाएगा। लेकिन इसके विपरित इसके निर्माण में लोहा, सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह मापदंड के अनुरुप नहीं है। यह भी स्पष्ट है कि इससे त्रिशुल का वजन बढ़ाकर और कांस्य का निर्माण न कर भ्रष्टाचार को अंजाम दिए जाने की तैयारी है। हमारी मांग है कि, निर्माणाधीन त्रिशुल की खरीदी न कर कांस्य धातु के त्रिशुल का नया निर्माण करवाया जाए। इससे पहले इसके लिए निविदा मंगाई जाए और वैधानिक तरीके से निर्माण कार्य स्वीकृत किया जाए। महादेव से जुड़ी धार्मिक भावनाओं की आड़ में भ्रष्टाचार करने वालों को दंड त किया जाना चाहिए।

## जन भावनाओं के अनुरूप विधिवत प्रक्रिया के तहत त्रिशुल लगेगा-मधुकर वंजारी



राजनांदगांव (दावा)। मानव मंदिर चौक में भगवान भोलेनाथ की त्रिशुल स्थापना के संबंध में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के बयान पर पलट वार करते हुये लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी ने अपने बयान में कहा कि नेता प्रतिपक्ष अनर्गल बयान बाजी कर रहे है। महाकाल सेना की मंशानुरूप विधिवत प्रक्रिया उपरांत नगर निगम द्वारा मानव मंदिर चौक में त्रिशुल लगाने की कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण के तहत महाकाल सेना के लिखित मांग अनुसार मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक करने एवं त्रिशुल लगाने कार्यवाही की जा रही है।

इस संबंध में मधुकर वंजारी ने बताया कि मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक करने महापौर परिषद की बैठक दिनांक 25 सितम्बर 2023 के संकल्प क्रं. 14 अनुसार में निर्णय लिया गया एवं चौक में त्रिशुल लगाने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया तथा निविदा जारी की गयी। शासन से स्वीकृति प्राप्त नहीं होने पर रिवाईज स्टीमेट तैयार कर पुनः शासन को भेजा गया, जिसकी तकनीकि स्वीकृति 26 दिसम्बर 2023 को प्राप्त हुई स्वीकृति पश्चात त्रिशुल लगाने निविदा प्रक्रिया की जा रही है। निविदा पश्चात शासन मापदण्ड के अनुरूप त्रिशुल लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि महाकाल भक्त पवन डागा सहित अन्य महाकाल सेना लगातार महापौर के सम्पर्क में त्रिशुल लगाने लगे हुये है, चुकि त्रिशुल लगा नहीं है और भुगतान हुआ नही है तो भ्रष्टाचार का प्रशन ही नही है तथा नेता प्रतिपक्ष श्री यदु स्वयं नही चाहते कि मानव मंदिर चौक में त्रिशुल लगे, इसलिये इसे लगाने रोकने तथ्यहीन बयान बाजी कर रहे है।

# अंततः सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे ने तोड़ा दम

राजनांदगांव (दावा)। गत दिनों बांधाबाजार के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार मेडिकल कालेज हास्पिटल-पेंड्री में जारी था। उक्त बच्चे ने बीती रात 12 बजे दम तोड़ दिया।

बता दे कि बांधाबाजार घुपसाल क्षेत्र के ग्राम लाटामेटा निवासी 7 वर्षीय लव्य निषाद अपने परिजनों के साथ विकसित भारत संकल्प शिविर में शामिल होने घुपसाल गया था। जहां उसके सड़क पार करते वक्त यात्री बस की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस घटना के बाद वहा नागरिकों ने चक्काजाम भी किया था। काफी हो-हल्ला भी हुआ था। समझाईश के बाद भीड़ शांत हुई। इधर गंभीर रूप से घायल लव्य निषाद को उपचार के लिए राजनांदगांव मेडिकल कालेज लाया गया। यहां उसका उपचार जारी था लेकिन उसकी जान नहं बचायी जा सकी। घटना के दिन मौके पर चक्काजाम की बन आई स्थिति व उग्र हो चुके भीड़ को डोंगरगांव एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर समझाईश दी थी। उनके द्वारा बच्चे के परिजन को उचित मुआवजा व ब्रेकर बनाने के आश्वासन देने के बाद उग्र भीड़ शांत हुई थी। अब चूंकि गंभीर रूप से जख्मी हुए बालक की मौत हो गई है। इससे ड्राईव्हर पर केस तो बनना ही बनना है। मुआवजे की रकम भी बढ़ाए जाने की संभावना बढ़ गई है।

# बजरंगपुर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने की भाजपा प्रवेश



**शिव मंदिर के पास सीसी रोड भूमिपूजन में मधुसूदन यादव के सामने ली भाजपा की सदस्यता**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद से भाजपा में प्रवेश लगातार हो रहे है। इसी कड़ी में शहर के वार्ड नंबर 01 बजरंगपुर नवागांव में 18 जनवरी को शिव मंदिर के पास सीमेंट कांक्रीटीकरण भूमि पूजन के लिए पूर्व महापौर एवं पूर्व सांसद तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव की उपस्थिति में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने स्व स्फूर्त होकर मोरजध्वज देवागन के नेतृत्व मे भाजपा प्रवेश किया। केंद्र में नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार एवं राज्य में विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार साथ ही पार्टी संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों पर भरोसा जताते हुए वार्डवासियों ने भाजपा प्रवेश किया। पार्टी प्रवेश करने वालों में मोरजध्वज देवांगन, संतोष चौहान, रुपेश देवांगन, शंभू पाल, महाराज जी, भरत साहू, महेश देवांगन, गंगाधर देवांगन, इंद्र कुमार साहू, हरिचंद, पुनेद्र कोर्राम, चंदन मानिकपुरी, प्रमोद साहू, चैन कुमार बागडे, मेघनाथ देवांगन, मोहित देवांगन, द्वारका देवांगन, संतोष देवांगन एवं महिलाएं अगेश्वरी देवांगन, ज्योति देवांगन, पूर्णिमा देवांगन, प्रभा चौहान, सुनैना चौहान, मीराबाई, भावना, राधिका साहू, साहिल लहुरिया, रश्मि बांगडे, नीला, रानी, कल्याणी, पूजा, नवीन, त्रिवेणी, डारन बाई, महेश्वरी, अनु भार्गव, रामकली, दिलेश्वरी, यामिनी लाहुरिया, चंद्रिका, पुष्पा, बुधकुवर, गीता साहू, पूर्णिमा, ज्योति, महाराजीन, गोदावरी, निशा भट्ट, संतोषी, हिना, भारती, दुर्गा, केशव, इंद्र कुमार साहू, रुपेश देवांगन, संतोष चौहान, शंभू पाल, और तारा के नाम शामिल है। पार्टी प्रवेश पर मधुसूदन यादव सहित भाजपा नेताओं ने शुभकामनाएं दी है कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल चौबे, लेखचंद साहू, योगेश साहू, प्रभु देवागन, पवन भारद्वाज, रमन यादव, नोहर साहू, कुंजू नेताम, पारस यादव, भीष्म देवांगन, संजय राजपूत सहित बीजेपी के कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थिति थे।

# गांजा बिक्री करने वाला एक और अंतर्राज्यीय गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा



राजनांदगांव (दावा)। चिचोला पुलिस ने कल ही अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह को पकड़ा था और उनसे 30 किलो गांजा सहित तस्करी में उपयोग लाए गए दो ट्रकों की जब्ती की थी। चिचोला पुलिस ने अपने ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते आज 17 जनवरी को एक और अवैध गांजा बिक्री करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ा है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध गांजा की बिक्री परिवहन पर रोक लगाने एवं गांजा के पूरे चैनल को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन मे 15 जनवरी को अवैध गांजा परिवहन करते हुए चौकी चिचोला के द्वारा आरोपी गणों को पकड़ा गया। विवेचना दौरान आरोपिगणों ने बताया कि ग्राम साकोली सौंदड निवासी संजय के द्वारा उक्त गांजा का आर्डर देने से आरोपी गणों द्वारा उसे गांजा सप्लाई की जा रही है। आरोपियों के मोबाइल से संजय का मोबाइल नम्बर प्राप्त कर साकोली जिला गोदिया महाराष्ट्र जाकर आरोपी संजय को गिरफतार किया गया।

बताया जाता है कि आरोपी काफी समय से उडीसा से गांजा मंगाकर साकोली महाराष्ट्र में गांजा की अवैध बिक्री करता था। प्रकरण में आरोपी के विरूद्व के एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे रिमाण्ड परजेल भेज दिया गया है।

उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिचोला के प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल उप निरीक्षक, सुमेन्द्र कुमार खरे, विनोद वर्मा सहित आरक्षक देवीलाल साहू का कार्य सराहनीय रहा।

# खुर्सीटिकुल लक्ष्मण साहू आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाही के लिए एसपी को प्रेषित किया ज्ञापन**

राजनांदगांव (दावा)। खुर्शीटिकुल निवासी लक्ष्मण साहू आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने मोर्चा खोलते हुए आत्महत्या के दुष्प्रेरण करने वाले जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कलेक्टर एवं एस पी को जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई में ज्ञापन सौंपा ज्ञापन को तत्काल कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एसपी कार्यालय को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि खुर्शीटिकुल सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष कृषक लक्ष्मण साहू आत्महत्या मामले की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी गंभीरता को लेते हुए एक जांच दल जिसमे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू पूर्व विधायक छन्नी साहू ,जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू, जिला पंचायत सदस्य क्रांति भंडारी ,जिला कांग्रेस के महामंत्री महेंद्र यादव आदि थे गठित किया। जांच दल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के आदेशानुसार ग्राम खुर्शीटिकुल पहुंचकर पीड़ित परिवार के आंसू पोछते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों एवं सुसाइड नोट में उल्लेखित नाम के गवाहों से चर्चा व वस्तु स्थिति से अवगत हुए और सत्यता को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में लाने के पश्चात जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि सत्ता के मद में चूर भाजपाइयों की कारगुजारी इतनी बढ़ गई है की उनकी प्रताड़ना से आत्महत्या जैसे अपनी कदम उठाने पर मजबूर हो रहे है जिसका परिणाम श्री लक्ष्मण साहू के द्वारा उठाया गया आत्महत्या का कदम है। स्वं साहू की मौत को निरर्थक नहीं जाने दिया जाएगा और दोषी पर कार्यवाही के लिए आवश्यकता पड़ने पर कांग्रेस जनआंदोलन करने को बाध्य होगी।

पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा कि समिति निर्वाचन 2017 से उपजे इस मामले पर एकांत चंद्राकर के द्वारा लगातार विगत 5 वर्षो से अधिक समय तक श्री लक्ष्मण साहू को मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा एवं उस पद से हटाने के बाद भी उसकी प्रतारणा कम नहीं हुई जिसके चलते ही लक्ष्मण साहू ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली और लक्ष्मण साहू के द्वारा लिखे गए विस्तृत सुसाइड नोट के पश्चात भी प्रशासन का आरोपी पर कार्यवाही नहीं किया जाना सीधे तौर पर यह प्रमाणित कर रहा है कि सत्ता की पहुंच रखने वाले लोग किसी को भी मौत तक पंहुचा सकते है, ऐसी स्थिति में आरोपी पर कड़ी कार्रवाई किया जाकर मृतक परिवार को मुआवजा प्रदान किया जाना आवश्यक है।

इस मुद्दे को लेकर आज जिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सुसाइड नोट सहित सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू पूर्व विधायक छन्नी साहू, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष नासिर जिंदरान, जिला महामंत्री महेंद्र यादव, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल, तिवारी संयुक्त महामंत्री बबलू कसार, संगीता साहू आदि उपस्थित थे।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com